स्थापित 1979..........................संस्थापक : स्व0नरेन्द्र उनियाल

# जयन्त

निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार

वर्ष-45, अंक 187 कोटद्वार शनिवार 4 नवम्बर 2023 मूल्य: रू 2.00 डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन: 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## छात्रा से दुष्कर्म के आरोपी को 20 साल की सजा

**हल्द्वानी(सं)।** अपर सत्र न्यायाधीश/स्पेशल जज पॉक्सो नंदन सिंह राणा की अदालत ने नाबालिग छात्रा से दुष्कर्म के आरोपी को दोषी पाते हुए 20 साल की सजा सुनाई है। मूलरूप से बागेश्वर के रहने वाले दोषी पर 25 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। शासकीय अधिवक्ता नवीन चंद्र जोशी ने बताया कि हल्द्वानी कोतवाली क्षेत्र निवासी व्यक्ति ने 23 सितम्बर 2021 को नौवीं कक्षा में पढ़ने वाली नाबालिग बेटी की गुमशुदगी दर्ज कराई थी। मामले की जांच के दौरान पुलिस ने 29 सितम्बर को भूपाल सिंह दानू निवासी ग्राम झूनी तहसील कपकोट जिला बागेश्वर को नागपुर महाराष्ट्र से किशोरी के साथ बरामद किया था। पूछताछ में पता चला कि हल्द्वानी में पीडि़ता के पिता का होटल है। आरोपी वर्ष 2020 में वहां पर काम करता था। तब से उसकी छात्रा से जान पहचान थी। 23 सितम्बर को आरोपी छात्रा को बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया था। इसके बाद छात्रा से कई बार दुष्कर्म भी किया। इस मामले में डीएनए जांच भी कराई गई, जिसमें आरोपों की पुष्टि हुई।

# दिल्ली में स्कूल बंद, खेल प्रतियोगिताओं पर रोक

## निर्माण और तोड़फोड़ पर पांबदी, प्रदूषण को रोकने के लिए सरकार ने कसी कमर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली में वायु गुणवत्ता के गंभीर श्रेणी में पहुंचने के बीच प्रदूषण नियंत्रण योजना के तीसरे चरण को लागू कर दिया गया है। सरकार ने प्रदूषण रोकने के लिए नगर सरकार एवं अन्य एजेंसियों को सख्त कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। दक्षी सरकार ने विभिन्न विभागों से कहा है कि नियमों के लागू करने में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसे लेकर पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने शुक्रवार को विभिन्न विभागों के अधिकारियों की बैठक ली। पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने बताया कि प्रदूषण रोकने के लिए विभिन्न कदम उठाए गए हैं।



इनमें एंटी-स्माग गन तैनात करना और रेड लाइट ऑन, गाड़ी ऑफ अभियान फिर शुरू करने जैसे कदम शामिल हैं। राष्ट्रीय राजधानी में निर्माण या तोड़फोड़ गतिविधियों पर पूर्ण प्रतिबंध के साथ चरणबद्ध प्रतिक्रिया कार्य योजना (जीआरएपी) के तीसरे चरण को लागू किया गया है।निर्माण एवं विध्वंस कार्यों पर रोक लगा दी गई है। साथ ही बीएस-3 पेट्रोल और बीएस-4 डीजल एलएमवी (4 पहिया वाहन) के संचालन पर प्रतिबंध लगाया गया है। 5वीं कक्षा तक के स्कूलों में फिजिकल कक्षाएं 4 नवंबर तक बंद रहेंगी। निर्माण कार्यों पर रोक की निगरानी के लिए डीपीसीसी और राजस्व विभाग की टीमें लगातार निरीक्षण करेंगी।

इसके अलावा शिक्षा निदेशालय ने प्री-प्राइमरी, प्राइमरी स्कूलों को तीन और चार नवंबर को बंद रखने का आदेश दिया था। निदेशालय ने विद्यार्थियों के स्वास्थ्य को देखते हुए अगले आदेश तक सभी जोनल और राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं को रोकने का का निर्देश दिया है।

दिल्ली में 345 वाटर स्प्रिंकलिंग मशीनें पानी का छिड़काव कर रही हैं। इसके लिए ट्रांसपोर्ट विभाग द्वारा 84 टीमें लगाई गई है। साथ ही दिल्ली पुलिस की 284 टीमें लगाई गई हैं। सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा देने और वाहन प्रदूषण को कम करने के लिए ट्रांसपोर्ट डिपार्टमेंट इलेक्ट्रिक शटल बस सर्विस सरकारी कर्मचारियों के लिए शुक्रवार से शुरू कर दी है।

ये शटल बस सर्विस किदवई नगर और आरके पुरम से केंद्रीय सचिवालय और गुलाबी बाग से दिल्ली सचिवालय तक चलेगी। यह सुबह 8.30 बजे और 9 बजे इन स्थानों से चलेंगी।

### हाईकोर्ट की सख्त टिप्पणीः दिल्ली सरकार को लगाई फटकार, कहा- इसके लिए आप जिम्मेदार हैं

**नई दिल्ली , एजेंसी।** देश की राजधानी दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण को लेकर अब हाईकोर्ट ने सरकार को फटकार लगाई है। दिल्ली हाईकोर्ट ने ड्यूटी में लापरवाही का आरोप लगाया है। कहा कि प्रदूषण के लिए दिल्ली सरकार जिम्मेदार है। होईकोर्ट ने कहा कि क्या आप चाहते हैं कि लोग गैस चेंबर में रहें। दिल्ली-एनसीआर में आज भी धुंध छायी हुई है। रेस्पाइरर की रिपोर्ट के मुताबिक दिल्ली बीते पांच सालों में सबसे प्रदूषित शहर रहा है।

# 38वें राष्ट्रीय खेलों की मेजबानी करेगा उत्तराखंड, नौ नवंबर को मिलेगा भारतीय ओलंपिक संघ का ध्वज

**देहरादून, एजेंसी।** उत्तराखंड अगले साल 2024 में 38वें राष्ट्रीय खेलों की मेजबानी करेगा। नौ नवंबर को गोवा में चल रहे राष्ट्रीय खेलों के समापन पर राज्य को भारतीय ओलंपिक संघ का ध्वज मिलेगा। आईओए ने इस संबंध में शासन को पत्र लिखा है।

विशेष प्रमुख सचिव खेल अमित सिन्हा ने कहा, ध्वज प्राप्त करने के लिए विभागीय मंत्री रेखा आर्य के साथ ही विभाग की पूरी टीम गोवा जाएगी, जो उत्तराखंड के लिए गौरव की बात है।



भारतीय ओलंपिक संघ के संयुक्त सचिव कल्याण चौबे ने शासन को लिखे पत्र में कहा, राष्ट्रीय खेलों के अगले मेजबान होने के नाते उत्तराखंड को भारतीय ओलंपिक संघ का ध्वज दिया जाएगा।

कहा, ध्वज प्राप्त करने के लिए गोवा में चल रहे 37वें राष्ट्रीय खेलों के समापन पर प्रतिनिधि को भेजा जाए। खेल मंत्री रेखा आर्य ने कहा, राज्य को 38वें राष्ट्रीय खेलों की मेजबानी का अवसर मिलना सभी प्रदेशवासियों के लिए गौरव की बात है। यह शीर्ष नेतृत्व के कुशल प्रतिनिधित्व एवं सीएम धामी के कुशल नेतृत्व में ही संभव हो पाया है। विशेष प्रमुख सचिव खेल अमित सिन्हा ने कहा, राष्ट्रीय खेलों की मेजबानी के लिए भारतीय ओलंपिक संघ का ध्वज मिलने के बाद खेलों की तैयारी शुरू कर दी जाएगी।

### सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कमलनाथ पर जमकर किए हमले, कहा

# जिनके नाम में ही कमल उनसे क्या उम्मीद करें

**छतरपुर , एजेंसी।** मध्यप्रदेश के चुनावों में कांग्रेस-भाजपा के अलावा अन्य दल भी ताकत झोंकने में लगे हैं। एक दिन पहले अरविंद केजरीवाल, भगवंत मान पहुंचे थे, तो आज यानी शुक्रवार को छतरपुर जिले में सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने हुंकार भरी। अखिलेश ने छतरपुर जिले की चंदला विधानसभा से समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी पुष्पेंद्र अहिरवार के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस और भाजपा पर निशाना साधा।

अखिलेश ने कहा कि चुनाव शुरू होने के बाद ये हमारी पहली जनसभा है और



जनसभा में देख रहा हूं मैदान में बड़ी संख्या में लोग दिखाई दे रहे हैं। ये उत्तर प्रदेश के बॉर्डर की बिल्कुल बगल की विधानसभा है। दो बार समाजवादियों को इस जगह पर आशीर्वाद मिला है, इस बार भी यहां की जनता हमारे प्रत्याशी को जिताकर भेजेगी। बदलाव के लिए और एक नए रास्ते के लिए मैं आपसे अपील करने आया हूं।

# महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे पहुंचे उत्तराखंड, पत्नी संग बदरीनाथ-केदारनाथ के किए दर्शन

**रुद्रप्रयाग, एजेंसी।** महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने शुक्रवार को पत्नी रश्मि ठाकरे के साथ भगवान केदारनाथ व बदरीनाथ के दर्शन किए। भोले बाबा की पूजा-अर्चना एवं दर्शन कर आशीर्वाद लिया। इस दौरान बदरी-केदार मंदिर समिति के अधिकारियों ने उनका स्वागत कर उन्हें प्रसाद भेंट किया। इसके बाद वह बदरीनाथ के लिए रवाना हुए।

यहां बदरी केदार मंदिर समिति के उपाध्यक्ष



किशोर पंवार ने पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे व उनकी पत्नी का स्वागत कर अंग वस्त्र भेंट किए। उन्होंने पूजा अर्चना कर देश की समृद्धि के लिए प्रार्थना की।चुनाव आयुक्त अनूप चंद्र पांडेय ने भी सपरिवार पहले केदारनाथ व उसके बाद भगवान बदरीविशाल के दर्शन किए। वहीं, भारत में नेपाल के राजदूत शंकर प्रसाद शर्मा ने भी बाबा केदार व बदरी विशाल के दर्शन कर पूजा-अर्चना की।तिरूपति तिरूमला देवस्थानम बोर्ड के सदस्य सौरभ बोरा तथा त्र्यंबकेश्वर मंदिर ट्रस्टी कैलाश घुले भी बीते गुरुवार को केदारनाथ व बदरीनाथ धाम पहुंचे और दर्शन किए। बदरी-केदार मंदिर समिति के कार्याधिकारी आरसी तिवारी ने सभी अतिथियों का स्वागत कर उन्हें प्रसाद भेंट किया।दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण ने लोगों के सामने सांसों का संकट खड़ा कर दिया है। राजधानी समेत एनसीआर में हवा की गुणवत्ता गंभीर श्रेणी में पहुंचने के बाद सरकार की ओर से कई सारी पाबंदियां लगाई गईं हैं।

# सड़कों को गढ्ढा मुक्त बनाने के लिए तेजी से करें कार्य : डीएम

चमोली : जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने जनपद में माननीय विधायकों द्वारा प्रस्तावित व्यापक महत्व एवं जनहित में संचालित महत्वपूर्ण कार्यों की प्रगति समीक्षा की। उन्होंने निर्देशित किया कि जनपद की तीनों विधानसभा क्षेत्रों से माननीय विधायकों ने जनहित में जो योजनाएं रखी है, उनको गुणवत्ता के साथ शीघ्र पूरा किया जाए।

जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि सड़कों को गढ्ढा मुक्त बनाने के लिए तेजी से कार्य करें। सड़क निर्माण हेतु विभिन्न स्तरों पर लंबित प्रस्तावों का शीघ्र निराकरण किया जाए। आपदा में क्षतिग्रस्त विद्युत एवं पेयजल लाइन को ठीक कराते हुए सभी क्षेत्रों में नियमित विद्युत एवं पेयजल सप्लाई सुनिश्चित की जाए और नई योजनाओं के प्रस्ताव शीघ्र उपलब्ध करें। जिलाधिकारी ने शिक्षा विभाग को जनपद के सभी विद्यालय भवनों की स्थिति का पूरा सर्वे करने और आपदा में क्षतिग्रस्त विद्यालय भवनों की मरम्मत कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। कहा कि इसकी एसडीएम के माध्यम से इसकी जांच भी कराई



जाएगी।स्वास्थ्य विभाग के अन्तर्गत संचालित कार्यों की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि सीएससी से समन्वय करते हुए पात्र लाभार्थियों का आयुष्मान कार्ड बनाने में तेजी लाए और अस्पतालों में आवश्यक चिकित्सा उपकरणों की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद की तीनों विधानसभा क्षेत्रों से माननीय विधायकों ने जनहित में जो भी योजनाएं रखी है उनको तेजी से पूरा किया जाए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी डॉ. एलएन मिश्र, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजीव शर्मा, मुख्य शिक्षा अधिकारी कुलदीप गैरोला, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी विनय जोशी सहित सड़क, पेयजल, विद्युत, सिंचाई, ग्रामीण निर्माण आदि विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। (एजेंसी)

# शौर्य महोत्सव 23 नवंबर से, कमेटी गठित

चमोली : भारत के प्रथम विक्टोरिया क्रॉस वीर शिरोमणि दरवान सिंह नेगी की याद में हर साल मनाए जाने वाले शौर्य महोत्सव के लिए कमेटी का गठन कर दिया गया है। मेले में अनेक प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। मेले को भव्य रूप देने के लिए मेला अधिकारी उप जिलाधिकारी थराली ने कमेटी का गठन किया है। नारायणबगड़ विकासखंड के कफारतीर निवासी भारत के प्रथम विक्टोरिया क्रॉस वीर शिरोमणि दरवान सिंह नेगी की याद में प्रत्येक वर्ष 23 नवंबर से 26 नवंबर तक खैतौली खाल में शौर्य महोत्सव का आयोजन किया जाता है। वहीं वर्ष 2023 में शौर्य महोत्सव को भव्य बनाने के लिए मेला अधिकारी उप जिलाधिकारी थराली रविंद्र जुवां था एवं मेला कमेटी के द्वारा समिति का गठन किया गया है। शौर्य महोत्सव के अध्यक्ष उप जिलाधिकारी थराली रविंद्र जुवांथा होंगे। वहीं मेला सचिव तहसीलदार थराली प्रदीप नेगी, कोषाध्यक्ष कोषाधिकारी नारायणबगड़ एवं उपसचिव खंड विकास अधिकारी नारायणबगड़ होंगे। वहीं इसके अलावा इसके अलावा समिति में लखपत सिंह नेगी, वॉर मेमोरियल फाउंडेशन समिति के अध्यक्ष और सचिव गंभीर सिंह नेगी होंगे वहीं 2023 में आयोजित होने वाले शौर्य महोत्सव के सफल एवं सुचारु संचालन के लिए स्वागत समिति का गठन किया गया है। स्वागत समिति में विधायक थराली भूपाल राम टम्टा, संयोजक ब्लॉक प्रमुख नारायणबगड़ यशपाल सिंह नेगी, सह संयोजक जिला पंचायत उपाध्यक्ष लक्ष्मण रावत सह संयोजक होंगे। वहीं इसके अलावा सांस्कृतिक कार्यक्रम समिति, शांति व्यवस्था समिति, मिलिट्री एडवाइजर, विद्युत पेयजल सड़क मार्ग यातायात खाद्यान्न आपूर्ति व्यवस्था समिति एवं विशेष सहयोग समिति का गठन किया गया है। शौर्य महोत्सव को भव्य बनाने के लिए वीर शिरोमणि दरवान सिंह नेगी वॉर मेमोरियल समिति के अध्यक्ष लखपत सिंह नेगी एवं सचिव गंभीर सिंह नेगी ने बताया कि मेले को इस वर्ष अन्य वषी की अपेक्षा भव्य रूप दिया जाएगा वहीं मेले में अनेक प्रकार की संस्कृत कार्यक्रमों का आयोजन स्थानीय महिला मंगल दलों,युवक मंगल दलों, स्कूली छात्र-छात्राओं एवं स्थानीय कलाकारों के द्वारा रंगारंग प्रस्तुतियां दी जाएंगी एवं विभागों के स्टाल लगाए जायेंगे। (एजेंसी)

## एक नजर

### स्वर्ण पदक विजेता इमरान को नवाजा

ऋषिकेश। कबीना मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने मायाकुंड निवासी इमरान खान को सम्मानित किया है। इमरान ने बीते माह मलेशिया में हुई अंतर्राष्ट्रीय खो–खो प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता था। शुक्रवार को बैराज रोड स्थित कैंप कार्यालय में कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें कबीना मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने इमरान खान को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि इमरान खान अभी तक 6 नेशनल प्रतियोगिताओं में प्रतिभा कर चुका है। इमरान का चयन खेलो इंडिया में भी हुआ था। बीते माह इमरान का चयन भारतीय खो खो टीम अंडर 18 में हुआ। जिसके बाद उसने मलेशिया में भारत, इंडोनेशिया व मलेशिया के बीच हुई अंतरराष्ट्रीय खो खो प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर देश, राज्य व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में खेलो इंडिया के तहत खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का पहले से ज्यादा अवसर प्राप्त हो रहा है। हाल ही में एशियाई गेम्स में भारत के होनहार खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा के बलबूते 107 पदक इतिहास में पहली बार प्राप्त किए हैं।

### पति ने पत्नी के भाई पर किया जानलेवा हमला

ऋषिकेश। दुजियावाला में एक युवक ने पत्नी के भाई पर जानलेवा हमला कर दिया। चाकू के वार से लहूलुहान हुए महिला के भाई को स्थानीय लोगों ने जौलीग्रांट के निजी अस्पताल पहुंचाया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ हत्या के प्रयास की धारा में मुकदमा दर्ज कर लिया है। रानीपोखरी पुलिस के मुताबिक सुनीता मनवाल, निवासी दुजियावाला ने तहरीर देकर बताया कि पति नरेश मनवाल के साथ उसका विवाद चल रहा था। पिछले 20 दिन से वह मायके में ही थी। पति पड़ोस के घर पहुंचे और इसी बीच रास्ते में उन्हें भाई मुकेश रावत मिल गया। आरोप है कि नरेश ने भाई मुकेश से बहस करते हुए अचानक जेब से चाकू निकालकर हमला कर दिया। पेट में चाकू लगने के बाद आसपास के लोग मौके पर दौड़े। उन्होंने मुकेश को जख्मी हालत में अस्पताल पहुंचाया। थानाध्यक्ष उत्तम रमोला ने बताया कि आरोपी नरेश निवासी लिस्ट्राबाद, रानीपोखरी के खिलाफ आईपीसी की धारा 307 में मामला दर्ज किया है।

# जीवन शैली में बदलाव से कम होगा कैंसर का खतराः राज्यपाल

देहरादून।राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) ने कहा कि कैंसर एक बड़ी स्वास्थ्य समस्या के रूप में लोगों को चपेट में ले रही है। कैंसर जैसी घातक बीमारी एवं इससे होने वाले नुकसान के बारे में दुरस्थ क्षेत्रों तक लोगों में जागरूकता के प्रयास किए जाए। शुक्रवार को राजभवन में कैंसर जागरूकता पर आयोजित सेमिनार में राज्यपाल ने कहा कि कैंसर से बचने के उपायों में हमें अपने जीवन शैली को सही रखना और संतुलित आहार करना जरूरी है। प्रत्येक व्यक्ति को इसकी घातक प्रवृत्ति, लक्षण, कारण और निदान के बारे में जागरूक बनाना होगा। विशिष्ट अतिथि सचिव–राज्यपाल रविनाथ रमन ने कहा कि जीवन शैल को संतुलित और प्रकृति के अनुसार बनाकर कैंसर समेत सभी बीमारियों के खतरों को कम किया जा सकता है। वर्तमान में असंतुलित जीवन शैली की वजह से भी नई नई बीमारियां सामने आ रही



हैं। सुभारती कैंसर प्रबंधन संस्थान के निदेशक डॉ. अनुराग श्रीवास्तव ने स्तन कैंसर के बारे में महत्वपूर्ण जानकारियां साझा की। कहा कि हर प्रकार के कैंसर का इलाज संभव है। समय पर पता चल जाए तो प्रभावी उपचार किया जा सकता है। एम्स ऋषिकेश के डॉ. अमित शेरावत द्वारा फेफड़ों में होने वाले कैंसर की जानकारी दी। एम्स ऋषिकेश के डॉ. स्वीटी गुप्ता और प्रो. शालिनी राजाराम ने भी कैंसर से संबंधित लक्षण एवं इससे होने वाले घातक परिणामों व इससे बचने के उपायों के बारे में अपने विचार साझा किए।

एचएनबी चिकित्सा शिक्षा विश्वविद्यालय के वीसी प्रो. हेमचंद्र ने उपस्थित सभी अतिथियों का स्वागत किया। इस मौके पर दून विश्वविद्यालय की वीसी प्रो. सुरेखा डंगवाल, आयुर्वेदिक विवि के वीसी अरुण कुमार त्रिपाठी, संस्कृत विवि के कुलपति प्रो. दिनेश चंद्र शास्त्री, श्रीदेव सुमन विवि के वीसी प्रो. एनके जोशी, दून मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. आशुतोष सयाना, कुलसचिव डॉ. आशीष उनियाल आदि मौजूद रहे।

### लखनऊ–दून के बीच वंदे भारत एक्सप्रेस का संचालन हो

देहरादून।मुख्यमंत्री पुष्कर धामी ने केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात कर लखनऊ–देहरादून के बीच वंदे भारत एक्सप्रेस का संचालन और टनकपुर–बागेश्वर रेललाइन निर्माण को जल्द मंजूरी देने का आग्रह किया। मुख्यमंत्री धामी ने शुक्रवार को नई दिल्ली में केंद्रीय मंत्री वैष्णव से भेंट की।

उन्होंने उत्तराखंड में सुदृढ़ रेल कनेक्टिविटी के बाबत लंबी चर्चा। उन्होंने कहा कि लखनऊ से दून के बीच वंदेभारत एक्सप्रेस शुरू होने से पूर्वी और मध्य यूपी में रहने वाले उत्तराखंड के प्रवासियों को खासी राहत मिलेगी। इसके साथ ही उत्तराखंड में पर्यटन की गतिविधियों को भी मजबूती मिलेगी। उन्होंने अहमदाबाद से काठगोदाम, हरिद्वार और देहरादून को जोड़ने के लिए सीधी रेल सेवा शुरू करने, दून एक्सप्रेस में कोटद्वार के कोच का व जनता एक्सप्रेस में रामनगर के कोच का पुनः संचालन एवं टनकपुर से राजस्थान के मेहंदीपुर बालाजी तक नई रेल सेवा शुरू करने का अनुरोध किया।

# सभी विवादों का समाधान है संवादः स्वामी चिदानन्द सरस्वती

ऋषिकेश। परमार्थ निकेतन के अध्यक्ष स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी और पूज्य संतों ने संस्कृति संवाद – 2023 में सहभाग कर आध्यात्मिक, धार्मिक व सामाजिक विषयों पर विशद् चर्चा की। स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी ने कहा कि सभी विवादों का समाधान संवाद है। संवाद जब संस्कृति पर हो, संस्कारों पर हो, दिव्य विचारों का हो तो फिर समाज को एक दिशा मिलती है। श्री राममन्दिर उद्घाटन समारोह में सहभाग हेतु सभी को आमंत्रित करते हुये कहा कि श्री राममन्दिर के साथ राष्ट मन्दिर की स्थापना हो रही है। उन्होंने कहा कि देव भक्ति अपनी–अपनी हो लेकिन देशभक्ति सभी मिलकर करें। आज इसी की आवश्यकता है। राममन्दिर हमारा राष्ट्रमन्दिर है जो सम्पूर्ण राष्ट्र को जोड़ने का एक ऐतिहासिक कदम है।

'यतो ऽभ्युदयनिःश्रेयससिद्धिः स धर्मः। अर्थात जिसमें यथार्थ उन्नति, परम कल्याण की सिद्धि होती है वही धर्म है। धर्म वह अनुशासित जीवन क्रम है, जिसमें लौकिक उन्नति तथा आध्यात्मिक परमगति दोनों की प्राप्ति होती है।धर्म द्वारा बनाए गए अनेक गुण सत्य, अहिंसा, अस्तेय, ब्रह्मचर्य, अपरिग्रह, शौच, संतोष, तप, स्वाध्याय, क्षमा आदि नैतिक गुण सहजता के साथ सामाजिक व्यवस्था का हिस्सा हो गए है और यही नियम नैतिकता के भी पर्याय है।

धर्म हमें एक स्वस्थ जीवनशैली जीने की



प्रेरणा देते हैं, संसाधनों के कुशलतम और टिकाऊउपयोग की प्रेरणा देते हैं। यदि हम इन सिद्धांतों को कुशलता के साथ अपनाते हैं तो हमें जलवायु परिवर्तन जैसी समस्या सामना भी नहीं करना पडेगा और हमारे ये सनातन सिद्धांत समाज में साम्प्रदायिक सौहार्द की स्थापना हेतु अत्यंत आवश्यक है।वर्तमान समय में पूरा विश्व अतिवाद का सामना कर रहा है परन्तु सनातन संस्कृति हमें सीख देती है कि हमें किसी भी प्रकार के अतिवादी व्यवहार से बचना चाहिये। इस समय दुनिया में जितने भी झगड़े हैं यथा सांप्रदायिकता, आतंकवाद, नक्सलवाद, नस्लवाद तथा जातिवाद आदि किसी न किसी अतिवादी विचारधारा के कारण है। समाज में जो भी आतंकी विचारधारा फैलाने वाले चाहे वह (हमारे वाले हो या हमास वाले हो, हिज़बुल्लाह हो या फिर जिहादी हो) उन सभी को यह समझना होगा कि हम आतंक से शान्ति प्राप्त नही ंकर सकते और न ही समृद्धि प्राप्त कर सकते हैं इसलिये आईये सब मिलकर युद्ध नहीं अब योग की ओर बढ़े, अर्थात् सभी मिल बैठकर इसका समाधान निकाले। अपने दिलों को बदले, दीवारों को तोड़े, नफरत की दरारों को भरे और दिलों को जोड़े। यही है समाधान और यही है सनातन।सनातन है तो मानवता है, सनातन है तो समरसता है; सनातन है तो सद्भाव है, सनातन है तो समता है अतः समाज में सनातन की प्रतिष्ठा हो, शान्ति की प्रतिष्ठा हो इसलिये संस्कृति संवाद जरूरी है। मूल सनातन सूत्रों को आत्मसात कर विश्व में व्याप्त इन समस्याओं से काफी हद तक निजात पाई जा सकती है।स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी ने कहा कि सृष्टि और स्वयं के हित और विकास में किए जाने वाले सभी कर्म ही धर्म है। ऋग्वेद में हमारे ऋषि लिखते हैं–सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयाः, सर्वेभद्राणि पश्यन्तु मा कश्चिद् दुःखभाग भवेत् अर्थात समस्त प्राणि सुख–शान्ति से पूर्ण हों, सभी रोग, व्याधि से मुक्त रहें, किसी के भाग में कोई दुख न आए और सभी कल्याण मार्ग का दर्शन व अनुसरण करें। सनातन संस्कृति किसी में भी भेद नहीं करती।इस दिव्य अवसर पर निर्वाणीपीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर अशोकानन्द जी महाराज, आचार्य महामंडलेश्वर विश्वात्मानन्द जी महाराज, अखिल भारतीय संत समीति के अध्यक्ष अविचलदास जी महाराज, अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद् के अध्यक्ष रवीन्द्र पुरी जी महाराज, गीता मनीषि स्वामी ज्ञानानन्द जी महाराज, स्वामी धर्मदेव जी महाराज, युवाओं के प्रेरणास्त्रोत श्री सत्वा बाबा जी, श्री चंपत राय जी, श्री दिनेश जी, श्री अनूप कुमार जी अनेक पूज्य संत, 127 सम्प्रदायों के पूज्य संतों ने सहभाग किया।

## अभाविप ने की प्रत्याशियों की घोषणा

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार** : भाबर व रिखणीखाल स्थित राजकीय महाविद्यालय में छात्र संघ चुनावों के लिए अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने अपने प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है। भाबर स्थित राजकीय महाविद्यालय में परिषद की ओर से शिवम डोबरियाल को अध्यक्ष, रेशमा को उपाध्यक्ष, सुदीप को सचिव, आरुषि केष्टवाल को सह सचिव, दीपक कुमार को कोषाध्यक्ष और दिव्यांशी राणा को विवि प्रतिनिधि पद पर प्रत्याशी घोषित किया गया है। वहीं रिखणीखाल स्थित राजकीय महाविद्यालय छात्र संघ चुनावों में अध्यक्ष पद पर प्रियांशा बिष्ट, उपाध्यक्ष पद पर कशिश द्विवेदी, सचिव पद पर मीनाक्षी भारद्वाज, महासचिव पद पर अंकित बिष्ट, कोषाध्यक्ष पद पर वंदना और विवि प्रतिनिधि पद पर नीरज सिंह को प्रत्याशी घोषित किया गया है। यह जानकारी जिला संयोजक शिखर अग्रवाल ने दी।

## छात्र संघ चुनाव : नैनीडांडा और थलीसैंण में बिके 20 नामांकन पत्र

**पौड़ी** : स्वतंत्रता सेनानी स्व. थान सिंह रावत राजकीय महाविद्यालय नैनीडांडा और राजकीय महाविद्यालय थलीसैंण में छात्रसंघ चुनाव प्रक्रिया शुरू होने के बाद शुक्रवार को नामांकन प्रपत्रों की बिक्री हुई। नैनीडांडा महाविद्यय में 12 और थलीसैंण महाविद्यालय में 8 नामांकन पत्र बिके। प्राचार्य डॉ. बीपी उनियाल की देखरेख में चुनाव अधिकारी डॉ. पवन कुमार द्वारा नामांकन प्रपत्रों की बिक्री की व्यवस्था चुनाव संचालन समिति के माध्यम से निर्धारित समय 11 से दोपहर 3 बजे तक करवाई गई। उन्होंने बताया कि अध्यक्ष और विश्वविद्यालय प्रतिनिधि पद के लिए 2-2 जबकि उपाध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष और सहसचिव पद के लिए 1-1 नामांकन पत्रों की बिक्री हुई। वहीं राजकीय स्नाकोत्तर कॉलेज थलीसैंण में कुल 12 नामांकन पत्र बिके। चुनाव अधिकारी डॉ. विकास प्रताप सिंह ने बताया कि अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, सहसचिव, कोषाध्यक्ष और यूआर पदों के लिए दो-दो नामांकन पत्रों की बिक्री हुई।

## नौ माह से आउटसोर्स वन कर्मियों को नहीं मिला वेतन

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार** : वन विभाग में उपनल व आउटसोर्स माध्यम से रखे गए कर्मचारियों को पिछले नौ मांग से वेतन नहीं मिला है। नतीजा कर्मचारियों को आर्थिक समस्याओं से जूझना पड़ रहा है। आक्रोशित कर्मचारियों ने जल्द वेतन नहीं मिलने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।

दैनिक संविदा आउटसोर्स कर्मचारी संघ वन विभाग के बैनर तले बैठक का आयोजन किया गया। संघ के प्रदेश संरक्षक देवेंद्र सिंह व राम सिंह खाती ने कहा कि वह पिछले कई माह से पूरी ईमानदारी के साथ अपने कार्यों का निर्वहन कर रहे थे। लेकिन, वन विभाग ने उन्हें पिछले नौ माह से वेतन नहीं दिया है। कर्मचारियों को पता चला कि विभाग ने बिना शासन की स्वीकृति के उन्हें नियुक्त किया था। जिसके कारण अब उनका वेतन नहीं दिया जा रहा है। बताया कि पूर्व में शासन ने कर्मचारियों को राहत देने की बात कही थी। लेकिन, अब तक समस्या को लेकर गंभीरता नहीं दिखाई गई है।

# पनियाली गदेरे को बनाया कूड़ा घर, संक्रामक बीमारियों का खतरा

◆देवी रोड में पुलिया के नीचे पनियाली गदेरे में डाली जा रही गंदगी
◆शिकायत के बाद भी समस्या को लेकर गंभीरता नहीं दिखा रहा सिस्टम

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार** : वर्तमान में संक्रामक बीमारियों का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है। बावजूद इसके कुछ लोग लापरवाह बने हुए हैं। हालत यह है कि देवी रोड में पुलिया के नीचे पनियाली गदेरे में खुलेआम गंदगी डाली जा रही है। बड़ी मात्रा में एकत्रित गंदगी के कारण क्षेत्र में दुर्गंध का महौल बना हुआ है। ऐसे में आसपास के परिवारों का सांस लेना भी दूभर हो चुका है।

घाड़ क्षेत्र के जंगल से निकलने वाला पनियाली गदेरा तीन किलोमीटर के हिस्से में नगर से होकर गुजरता है। लेकिन, वर्तमान में कई लोगों ने इस गदेरे को कूड़ा घर बना दिया है। खुलेआम गदेरे में दुकान व घरों से निकलने वाली गंदगी को डाला जा रहा है। गंदगी के ढेर से उठने वाली दुर्गंध ने संक्रामक बीमारियों का खतरा भी बढ़ा दिया है। देवी रोड निवासी सुदर्शन सिंह, बबीता देवी, मुन्नी देवी ने बताया कि दुर्गंध के कारण पुलिया से गुजरने वाले लोगों को मुंह पर कपड़ा लगाकर चलना पड़ता है। पूर्व में कई बार नगर निगम से गंदगी डालने वालों के खिलाफ कार्रवाई की भी मांग उठा चुके हैं। लेकिन, अब तक इस ओर ध्यान नहीं दिया गया है।



कोटद्वार देवी रोड में पनियाली गदेरे में लगे गंदगी के ढेर

## मांस विक्रेता फैला रहे गंदगी

देवी रोड में पनियाली गदेरे के आसपास कई मांस की दुकानें भी संचालित हो रही हैं। ऐसे में मांस विक्रेता भी अपनी प्रतिष्ठानों से निकलने वाले अपशिष्ट को पनियाली गदेरे में ही डाल रहे हैं।

जबकि, पूर्व में नगर पालिका व प्रशासन मांस विक्रेताओं को कई बार चेतावनी भी दे चुका है। शाम ढलते ही कई मांस विक्रेता खुलेआम गदेरे में अपशिष्ट डालते हुए आसानी से देखे जा सकते हैं।

## मल्टीनेशनल कंपनियों के लिए सात छात्र चयनित

जयन्त प्रतिनिधि।

**पौड़ी** : जीबी पंत प्रौद्योगिकी एवं तकनीकी संस्थान घुड़दौड़ी के सात छात्रों का मल्टीनेशनल कंपनियों में चयन हुआ है। कंपनियों द्वारा चलाये गए प्लेसमेंट अभियान में संस्थान के विभिन्न विभागों के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

न्यूक्लीयस सॉफ्टवेर एक्सपोर्ट्स लिमिटेड द्वारा संस्थान में चलाए गए संयुक्त प्लेसमेंट अभियान में संस्थान के कंप्यूटर साइंस विभाग में अध्ययनरत छात्र शिवम कपूर का 4.3 लाख वार्षिक के पैकेज पर चयन हुआ। वहीं रुबिको हरिद्वार द्वारा चलाये गए प्लेसमेंट अभियान में 3.6 लाख वार्षिक के पैकेज पर कंप्यूटर साइंस एवं एमसीए के 6 छात्रों, कशिश थपलियाल, आशीष सिंह नेगी, हिमांशु पंत, अमन नाकोटी, प्रज्वल चौहान, अंजलि केड़ियाल को प्लेसमेंट दिया गया। संस्थान के निदेशक डा. वीएन काला ने चयनित छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की। आयोजन मे संस्थान के ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट सेल के ओआईसी डा. कमलजीत सिंह भाटिया, डीन अकादमिक डा. आशीष नेगी, कंप्यूटर साइंस विभाग के प्लेसमेंट समन्वयक अभिषेक गुप्ता, संस्थान के मीडिया प्रभारी डा. किरीट सेमवाल आदि मौजूद रहे।

# पानी के बिना में बर्बाद हो रही फसल, काश्तकारों ने किया प्रदर्शन

### कुंभीचौड़ क्षेत्र में सिंचाई नहर से खेतों तक नहीं पहुंच रहा सिंचाई का पानी

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार** : भले ही सरकार काश्तकारों के हितों की बात कर रही हो। लेकिन, सनेह क्षेत्र के अंतर्गत कुंभीचौड़ में सिंचाई का पानी नहीं मिलने से काश्तकारों की फसल बर्बाद हो रही है। आक्रोशित काश्तकारों ने तहसील में पहुंचकर सिंचाई विभाग व प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन किया। कहा कि पूर्व में शिकायत के बाद भी सरकारी सिस्टम नहरों की मरम्मत नहीं करवा रहा।



शुक्रवार को पूर्व प्रधान दीपक पांडे के नेतृत्व में काश्तकारों ने तहसील परिसर में प्रदर्शन किया। काश्तकारों ने कहा कि क्षेत्र के अधिकांश परिवार केवल खेती पर ही निर्भर हैं। काश्तकारों को सिंचाई का पानी उपलब्ध करवाने के लिए खोह नदी से योजना बनाई गई है। लेकिन, अगस्त माह में आई आपदा से सिंचाई नहरें बदहाल पड़ी हुई है। नतीजा काश्तकारों के खेतों तक पानी नहीं पहुंच पा रहा है। सिंचाई विभाग नहर की मरम्मत को लेकर लापरवाह बना हुआ है।

\फसल बर्बाद होने से काश्तकारों का खेती से मोह भंग हो रहा है। काश्तकार मजदूरी करने के लिए मजबूर हो गए हैं। कहा कि यदि जल्द सिंचाई नहरों की मरम्मत नहीं करवाई गई तो काश्तकार आंदोलन को मजबूर होंगे। इस मौके पर मीना देवी, पुष्पा देवी, मुन्नी देवी सहित कई अन्य काश्तकार मौजूद रहे।

# करियर काउंसलिंग में छात्रों को दी रोजगार परक कोर्स की जानकारी

### आईएचएमएस की ओर से आयोजित की गई कार्यशाला

**कोटद्वार** : इंस्टिट्यूट ऑफ हॉस्पिटैलिटी मैनेजमेंट एंड साइंसेज (आईएचएमएस) की ओर से करियर काउंसलिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें संस्थान के विशेषज्ञों ने छात्र-छात्राओं को विभिन्न रोजगार परक कोर्सों के बारे में जानकारी दी।

राजकीय बालिका इंटर कॉलेज लालपानी और राजकीय इंटर कॉलेज कुंभीचौड़ में आयोजित कार्यक्रम में संस्थान के एडमिशन इंचार्ज विजय पंत ने 12वीं कक्षा के छात्रों को बैचलर्स इन होटल मैनेजमेंट (बीएचएम), सर्टिफिकेट इन होटल मैनेजमेंट (सीएचएम), बैचलर्स इन कंप्यूटर एप्लीकेशन (बीसीए), बैचलर्स इन इनफॉरमेशन टेक्नोलॉजी (बीएससी आईटी) और बैचलर्स इन बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (बीबीए) कोर्स की जानकारी दी। कहा कि इन कोर्स को करने से छात्रों को बेहतर रोजगार मिल सकते हैं। इस अवसर पर संस्थान के ईडी अजय राज नेगी ने कहा कि 12वीं की परीक्षा पास करने के बाद छात्र- छात्राओं को भविष्य में क्या करना है को लेकर जानकारी नहीं होती है। जानकारी के आभाव में वे अपनी रुचि का ख्याल नहीं रखते। जिसके कारण गलत कोर्स कर वे अपना समय और पैसा गवां देते हैं। उन्होंने छात्र-छात्राओं को अपनी रुचि के अनुसार कोर्स करने की अपील की।



राजकीय इंटर कॉलेज कुंभीचौड में छात्रों को कोर्स की जानकारी देते संस्थान के विशेषज्ञ

# जैविक व अजैविक कूड़े के निस्तारण की जानकारी को कार्यशाला का हो आयोजनः जिलाधिकारी



अल्मोड़ा(आरएनएस) जिला परियोजना प्रबन्धन इकाई स्वजल द्वारा स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अन्तर्गत सभी विकास खण्डों में किये गये कार्यों की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी विनीत तोमर की अध्यक्षता में नवीन कलैक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गयी। बैठक में जिलाधिकारी ने ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबन्धन के कार्यों की भौतिक प्रगति की समीक्षा करते हुये निर्देश दिये कि प्रथम चरण एवं द्वितीय चरण में किये जाने वाले कार्यों को समय से पूर्ण किया जाय। उन्होंने खुले में शौच से मुक्त (ओडीएफ प्लस), सामुदायिक स्वच्छता कॉम्पलैक्स/शौचालय निर्माण कार्य, की प्रगति एवं विकास खण्ड स्तर पर प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट सेड निमार्ण की प्रगति, सार्वजनिक शौचालय निर्माण हेतु ग्राम पंचायतों से प्राप्त प्रस्तावों पर अनुमोदन सहित अन्य कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने परियोजना निदेशक डीआरडीए को निर्देश दिये कि जैविक व अजैविक कूड़े के निस्तारण के लिये जनपद के ग्रामों प्रधानों की एक कार्यशाला आयोजित की जाय जिसमें कूड़ा निस्तारण के बारे में जानकारी दी जाय। उन्होंने कहा कि इस कार्यशाला में स्वयंसेवी संस्थाओं को बुलाया जाय जो इस क्षेत्र में बेहतर कार्य कर रहे है। इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी ने कहा कि ग्रामीणों क्षेत्रों में डम्पिंग प्लास्टिक को एकत्र करने हेतु योजनाबद्ध तरीके से कार्य कराया जाय। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में जो ग्रामीण स्वच्छता समितिया गठित की गयी है उन्हें सक्रिय करते हुए कार्य कराएं। ग्रामीण क्षेत्र में एकत्रित कूड़े का समय-समय पर नजदीकी क्षेत्र के नगरपालिका एवं नगर पंचायत के साथ समन्वय स्थापित करते हुए निस्तारण कराएं। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी आकाक्षा कोण्डे, परियोजना निदेशक पुष्पेन्द्र सिंह व अन्य अधिकारी उपस्थित थे।



# वरिष्ठ नागरिकों को सम्मानित किया

चम्पावत। पाटी अस्पताल में शुक्रवार को अस्पताल प्रबंधन ने वरिष्ठ नागरिक सम्मान समारोह का आयोजन किया। इस दौरान बुजुर्ग नागरिकों को शॉल ओढ़ा कर सम्मानित किया। प्रभारी चिकित्साधिकारी गुरुशरण कौर ने अस्पताल में दी जाने वाली सुविधाओं की जानकारी दी। पाटी क्षेत्र के घनश्याम जोशी, खीमानंद गहतोड़ी, पीताम्बर गहतोड़ी, लक्ष्मी दत्त जोशी, सरस्वती देवी, हीरा देवी, भगवती देवी को शॉल ओढ़ाया। कार्यक्रम में अस्पताल के बीएलए रंजीत मेहता, बीपीएम अमर चंद, ब्लॉक कार्डिनेटर पुष्पा जोशी, विकास थ्वाल, जानकी, मंजू आदि मौजूद रहे।




# तेजस ने राज्य में दूसरा स्थान पाया

चम्पावत। राजकीय प्राथमिक विद्यालय बाराकोट के तेजस अधिकारी ने प्रदेश स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता की अंग्रेजी सुलेख में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। छात्र का चयन राज्य में होने पर शिक्षा विभाग के अधिकारियों और लड़ीधुरा महोत्सव समिति ने खुशी जताई। महोत्सव समिति अध्यक्ष नगेन्द्र जोशी ने बताया कि कक्षा पांच के छात्र तेजस अधिकारी पुत्र दयाल सिंह अधिकारी ने देहरादून में आयोजित राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में अंग्रेजी सुलेख प्रतियोगिता में राज्य स्तर पर द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। तेजस अब राष्ट्र स्तरीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे।

# विद्यार्थियों की डिजिटल शिक्षा में योगदान दे रहे अमेरिका में कार्यरत अल्मोड़ा के मनोज बिष्ट

अल्मोड़ा।अमेरिका में कार्यरत पूर्व अल्मोड़ा निवासी मनोज बिष्ट ने बेस्टरनर्स की सहायता से अल्मोड़ा क्षेत्र के हवालबाग एवं ताकुला विकासखंड के विद्यालयों हेतु उनकी आवश्यकता के अनुसार सामग्री उपलब्ध कराई है। उन्होंने राजकीय बालिका इंटर कॉलेज एन.टी.डी. हेतु दो कंप्यूटर, यूपीएस, व 1 प्रिंट कॉपी स्कैन मशीन, राजकीय इंटर कॉलेज रैंगल हेतु दो कंप्यूटर, यूपीएस एवं प्रिंट कॉफी स्कैन मशीन, राजकीय इंटर कॉलेज बिरोड़ा हेतु दो कंप्यूटर, यूपीएस एवं 50000 का फर्नीचर, अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज अल्मोड़ा हेतु एक इंटरएक्टिव स्मार्ट बोर्ड, चार कंप्यूटर, यूपीएस एवं एक ओवरहेड प्रोजेक्टर, राजकीय इंटर कॉलेज दड़मियां हेतु एक इंटरएक्टिव स्मार्ट बोर्ड व एक सेट टॉप बॉक्स, राजकीय इंटर कॉलेज गरूड़ाबांज हेतु 2 कंप्यूटर, यूपीएस एवं विद्यार्थियों हेतु 311 स्वेटर प्रदान किए हैं। इसके अतिरिक्त राजकीय आदर्श इंटर कॉलेज हवालबाग हेतु सभी विद्यार्थियों हेतु योगा मैट, एक पब्लिक एड्रेस सिस्टम (माइक व स्पीकर) व एक ग्रेटीट्यूड बोर्ड प्रदान किए



हैं। इससे पूर्व उनके द्वारा राजकीय इंटर कॉलेज मनसारीनाला चौड़ा को चार कंप्यूटर, यूपीएस व एक प्रिंट कॉपी स्कैन मशीन तथा राजकीय आदर्श इंटर कॉलेज हवालबाग को डेढ़ लाख रुपए की अटल टिंकरिंग लैब हेतु सामग्री व एक प्रिंट कॉपी स्कैन मशीन प्रदान की गई। उपरोक्त समस्त कार्यों हेतु डॉ. कपिल नयाल ने विद्यालयों से समन्वय का कार्य किया। इन सभी कार्यों हेतु सभी विद्यालयों के प्रधानाचार्यों द्वारा मनोज बिष्ट एवं बेस्टरनर्स संस्था का अत्यंत आभार व्यक्त किया है। विदित हो कि बेस्टरनर्स द्वारा 12 जरूरतमंद महिलाओं को सिलाई मशीन देकर आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास किया गया है।

बेस्टरनर्स एवं मनोज बिष्ट द्वारा इस प्रोजेक्ट को जया पांडे व स्नेह प्रवाह की टीम के साथ मिलकर कार्यान्वित किया है।

# सीटू ने रेलवे व ऊर्जा निगम के निजीकरण का विरोध किया



रुद्रपुर। सीटू ने रेलवे व ऊर्जा निगम के निजीकरण का विरोध करते हुए प्रदर्शन किया। मंडी में सीटू की बैठक में सरकार की नीतियों का विरोध किया गया। कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा। शुक्रवार को सेंटर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियन (सीटू) के जिला संयोजक जगदेव सिंह के नेतृत्व में कार्यकर्ता मंडी समिति परिसर पहुंचे। यहां उन्होंने रेलवे व ऊर्जा निगम के निजीकरण के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और सांकेतिक धरना दिया। इसके बाद राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन एसडीएम तुषार सैनी को सौंपा।

ज्ञापन में सीटू कार्यकर्ताओं ने कहा कि भारत सरकार की ओर से रेलवे का निजीकरण करने से रेलवे का किराया 300 से 400 फीसदी बढ़ा दिया गया। इससे आमजन पर भारी वित्तीय भार पड़ रहा है। कहा कि सरकार की ओर से ऊर्जा निगम का भी निजीकरण किया जा रहा है। अन्य प्रतिष्ठानों को निजी हाथों में देकर जनता का शोषण करने का काम किया जा रहा है। कहा कि सरकार अब बिजली मीटर की जगह स्मार्ट मीटर (प्रीपेड मीटर) लगाने की योजना ला रही है। इससे बिजली उपभोक्ताओं पर अत्यधिक भार पड़ने का अंदेशा है। उन्होंने राष्ट्रपति से रेलवे व ऊर्जा निगम के निजीकरण पर रोक लगाने की मांग की। इस दौरान आशिक अंसारी, अनीता, नरेंद्र, सूरज सिंह भंडारी, पीएन जोशी, ज्योति चंद, उम्रा रस्तोगी आदि रहे।

# चम्पावत के 11 सौ युवाओं ने जीडी में लगाई दौड़



चम्पावत। बनबसा स्थित सेना छावनी में अग्निवीर भर्ती के तीसरे दिन चम्पावत के युवाओं की भर्ती हुई। जिसमें 1100 युवाओं ने दौड़ लगाई। आज पिथौरागढ़, चम्पावत के सैकड़ों युवा अग्निवीर टेक्निकल, क्लर्क, एसकेटी, ट्रेडमैन के लिए दौड़ लगाएंगे। शुक्रवार को बनबसा के सेना मैदान में अग्निवीर भर्ती रैली के तीसरे दिन चम्पावत सहित लोहाघाट, पूर्णागिरि (टनकपुर, बनबसा) और बाराकोट तहसील के कुल 1100 युवाओं ने दौड़ लगाई। भर्ती निर्देशक कर्नल मेलगे राहुल एन ने बताया कि युवाओं की सुबह दो बजे से ही लंबी लाइन लगी रही। बताया कि अग्निवीर भर्ती के लिए कुमाऊं के दो जिलों पिथौरागढ़ और चम्पावत के युवाओं को मौका मिला है। पहला ग्रुप सुबह छह बजे दौड़ाया गया। कुल 1600 मीटर की दौड़ कराई गई। दौड़ में सफल हुए अभ्यर्थियों की शारीरिक दक्षता परीक्षा कराई गई।

# पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक पौड़ी गिरफ्तार

## भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत दर्ज मुकदमे में चल रहा था फरार

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : पौड़ी पुलिस ने भ्रष्टाचार अधिनियम के तहत दर्ज मुकदमें में फरार चल रहे पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी को माध्यमिक पौड़ी को गिरफ्तार किया है। मामले में दो अभियुक्तों को पूर्व में ही पुलिस ने जेल भेजा था। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी श्वेता चौबे ने बताया कि 7 दिसम्बर 2022 को वादी आशुतोष नेगी पौड़ी गढ़वाल द्वारा कोतवाली पौड़ी पर आईपीसी की धारा120 बी, व 7/13 (1) (डी)/13(2) भ्रष्टाचार अधिनियम बनाम मदन सिंह रावत आदि पर अभियोग पंजीकृत कराया गया। अभियोग पंजीकृत होने के पश्चात पौड़ी पुलिस द्वारा 15 अक्टूबर 2023 व 1 नवंबर 2023 को अभियोग उपरोक्त में संलिप्त दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। एसएसपी श्वेता चौबे ने उक्त अभियोग को गम्भीरता एवं संवेदनशीलता से लेते हुये अभियोग उपरोक्त में नामजद वांछित अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी करने हेतु निर्देशित किया था। निर्गत निर्देशों के क्रम में श्रीमती जया बलोनी अपर पुलिस अधीक्षक कोटद्वार के निर्देशन, श्यामदत्त



नौटियाल पुलिस उपाधीक्षक पौड़ी के पर्यवेक्षण, गोविन्द कुमार प्रभारी निरीक्षक पौड़ी के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया। गठित पुलिस टीम द्वारा ठोस सुरागरसी-पतारसी कर सर्विलान्स की मदद उक्त अभियोग में संलिप्त अभियुक्त हरे राम यादव पुत्र रामसनेही यादव निवासी मठ वार्ड, भेडिहरवा, देवरिया, उत्तर प्रदेश को शुक्रवार को लक्खीबाग, देहरादून से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष पेशकर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। पुलिस टीम में वरिष्ठ उपनिरीक्षक मनोहर सिंह रावत, उपनिरीक्षक कमलेश शर्मा, उपनिरीक्षक दीपक पंवार, अपर उपनिरीक्षक सुरेन्द्र सिंह, मुख्य आरक्षी विनोद, महेन्द्र, सुरेन्द्र, आरक्षी मुकेश जोशी, हरीश आदि शामिल थे।

# पर्यावरण सम्मान से सम्मानित होंगे प्रो. मैखुरी

श्रीनगर गढ़वाल : केंद्रीय विश्वविद्यालय में पर्यावरण विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. राकेश कुमार मैखुरी का वर्ष 2023 में लौह पुरुष पं देवराम नौटियाल पर्यावरण सम्मान के लिए चयन किया गया है। लौह पुरुष पं. देवराम नौटियाल फाउंडेशन के अध्यक्ष पद्मश्री कल्याण सिंह रावत एवं सचिव भुवन नौटियाल ने घोषणा करते हुए बताया कि उत्तराखंड राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर 09 नवंबर को नन्दासैंण चमोली में आयोजित होने वाले पर्यावरण मेले में यह सम्मान प्रदान किया जायेगा, जो कि 1999 से प्रति वर्ष पर्यावरण के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान देने वाले व्यक्तियों, वैज्ञानिक व समाज सेवी को प्रदान किया जाता है। यह सम्मान प्रो. मैखुरी को 4 दशकों से पर्यावरण के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान के लिए प्रदान किया जायेगा।

प्रो. मैखुरी द्वारा हिमालय में जलवायु परिवर्तन, इको-सिस्टम रेस्टोरेशन व जैव विविधता संरक्षण, ग्रामीण क्षेत्र में सरल व टिकाऊ वैज्ञानिक तकनीकी द्वारा आजीविका संवर्धन व ज्वलंत पर्यावरणीय मुद्दों पर 500 से अधिक शोध पत्र व कई पुस्तकें प्रकाशित कर चुके हैं।

# कृषि महोत्सव में किसानों से की योजनाओं का लाभ लेने की अपील

जयन्त प्रतिनिधि।

**पौड़ी** : विकासखंड बीरोंखाल स्तरीय कृषक महोत्सव रबी शुरू हो गया है। कृषक महोत्सव में दूरदराज क्षेत्रों के एक सौ दो किसानों ने भाग लिया। कृषक महोत्सव में 6 कुतंल गेहू बिक्री, अस्सी किलो मसूर निःशुल्क, कृषि रसायन, उद्यान विभाग ने मटर, मूली, धनिया आदि बीज दिए,शुक्रवार को ब्लाक प्रमुख राजेश कंडारी ने न्याय पंचायत स्यूंसी में विधिवत उद्घाटन कर कृषि महोत्सव का शुभारम्भ किया। ब्लाक प्रमुख राजेश कंडारी ने कहा कि सरकार कृषकों के लिए कई लाभकारी योजनाएं चला रही हैं। बीरोंखाल कृषि प्रभारी विनोद खुराना ने कहा कि जिन लोगों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि नहीं मिल रही हैं वहां अपने न्याय पंचायत कृषि अधिकारी से संपर्क करे। उन्होंने बताया कि किसान विभागीय योजनाओं का लाभ लें। पशु चिकित्साधिकारी बीरोंखाल लीलेन्द्र जोशी ने सभी पशुपालकों को बताया कि पशुओं पर होने वाली लंपी बीमारी की रोकथाम के लिए अवश्य टीका करण निःशुल्क कराएं साथ ही पशुओं का बीमा भी अवश्य कराएं। इस अवसर पर बीडीओ जयपाल सिंह पयाल, बीईओ पीआरडी महेश राठोर, सहायक कृषि अधिकारी उपेन्द्र कुमार, जय सिंह, चमन सिंह नेगी आदि थे।

## राज्य आंदोलनकारियों ने क्षैतिज आरक्षण देने की मांग

चमोली : गैरसैंण क्षेत्र के राज्य आंदोलनकारियों की बैठक वरिष्ठ राज्य आंदोलनकारी हरेन्द्र कंडारी की अध्यक्षता में हुयी। बैठक में राज्य आंदोलनकारियों ने सरकार को चेताया है कि यदि उनकी 5 सूत्रीय मांगें पूरी न हुयी तो वे राज्य स्थापना दिवस के कार्यकर्मों में भाग तो लेंगे लेकिन किसी भी प्रकार से सम्मानित नहीं होंगे। इस बावत एनटी जेएस नेगी के माध्यम से सीएम को ज्ञापन भेजा गया है।

ज्ञापन में 10 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण, समान पेंशन, टोल सेंटर पर छूट देने, सहायक के रूप में एक अन्य व्यक्ति को सरकारी बसों में ले जाने तथा आश्रितों को भी सरकारी नौकरियों में 10 प्रतिशत लाभ देने की मांग की गयी है।

# विज्ञान प्रदर्शनी में अंकुश की टीम रही अव्वल



कोटद्वार के ज्ञान भारती पब्लिक स्कूल में आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी में भाग लेते विद्यार्थी

**कोटद्वार** : ज्ञान भारती पब्लिक स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस दौरान अंकुश की टीम का मॉडल अव्वल स्थान पर रहा।

विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ बाल भारती पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य गिरिराज सिंह रावत ने किया। उन्होंने कहा कि मानुष्य के जीवन में विज्ञान महत्वपूर्ण अंग है। विद्यार्थियों को विज्ञान विषय की बेहतर जानकारी होनी अति आवश्यक है। विज्ञान हमें जीवन जीने का तरीका बताता है। ज्ञान भारती पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्या शिवानी नेगी ने बताया कि विज्ञान प्रदर्शनी सीनियर वर्ग में अंकिश की टीम प्रथम, प्रणव की द्वितीय व जूनियर वर्ग में अक्षित की टीम प्रथम, दिव्यांशु की टीम द्वितीय स्थान पर रही। प्राइमरी वर्ग में आदर्श की टीम अव्वल रही। इस मौके पर प्रेम सिंह रावत, करूणेश कुकरेती, बीएस गुसाईं आदि मौजूद रहे।

# राजकीय नर्सिंग कॉलेज की खेल प्रतियोगिताएं शुरू

चमोली : राजकीय नर्सिंग कॉलेज गोपेश्वर का पांच दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का विधिवत शुभारंभ हो गया है। प्रतियोगिता का शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष गोपेश्वर पुष्पा पासवान और नगर पंचायत अध्यक्ष नन्दप्रयाग डॉ. हिमानी वैष्णव, जनरल बक्शी ने हरी झंडी दिखाकर किया।

प्राचार्य डॉ. ममता कपरवान ने बताया कि बुधवार से खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ हो गया है। 6 नवंबर तक राजकीय नर्सिंग कॉलेज की वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। नर्सिंग कॉलेज में वर्तमान समय में 170 छात्र-छात्राएं अध्ययनरत हैं। हर वर्ष वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है। विद्यालय में प्रतियोगिताओं के लिए छात्रों को चार ग्रुप ग्रीन हाउस, पर्पल पैंथर, येलो हाउस, ब्लू हॉउस में विभाजित किया गया है। प्रतियोगिताओं में दौड़ ,कबड्डी भाला, फेंक, गोला फेंक बैडमिंटन वालीबॉल के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाएगा। प्रथम दिवस आयोजित हुए खेल स्पर्धाओं में 100 मीटर दौड़ में ब्वॉयस में नवीन प्रथम और अभिषेक दूसरे स्थान पर रहे। 100 गर्ल्स में खुशुब प्रथम ओर आयशा ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। 200 मीटर में ब्वॉयज रचित प्रथम आयुष दूसरे स्थान पर रहा। 200 गर्ल्स में ईशा प्रथा नेहा कालूरा द्वितीय स्थान पर रही। रिले रेस में ग्रीन हाउस प्रथम ओर ब्लू हाउस दूसरे स्थान पर रहा। लंबी कूद में तम्मना प्रथम ओर गुंजन दूसरे स्थान पर रही।

# डीएम ने बैंक अफसरों का किया स्पष्टीकरण तलब

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : बैंकर्स की जिला स्तरीय पुनरीक्षण समिति की बैठक में डीएम ने किसान क्रेडिट कार्ड की धीमी प्रगति पर कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने केसीसी की धीमी प्रगति पर जिला सहकारी बैंक, उत्तरांचल ग्रामीण बैंक, एसबीआई व पीएनबी के अफसरों का स्पष्टीकरण तलब किया है। वहीं, सीडी (क्रेडिट एवं डेबिट) रेशियो कम होने पर डीएम ने इंडसइंड बैंक से सरकारी खातों को निकालने के लिए शासन स्तर पर पत्राचार करने व एसबीआई को सुधार के निर्देश दिए। शुक्रवार को डीएम सभागार में आयोजित बैठक में जिलाधिकारी डा. आशीष चौहान ने मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना में प्रदेश स्तर पर पहला पायदान प्राप्त करने पर बैंकर्स व संबंधित विभागों को बधाई दी। उन्होंने सीडी रेशियो कम होने पर इण्डसइंड बैंक से सरकारी खातों को वापस लेने के लिए



शासन को पत्र लिखने के निर्देश दिए। डीएम ने सभी बैंकों को सीडी रेशियों में सुधार लाने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अपूर्वा पाण्डे, परियोजना निदेशक डीआरडीए संजीव कुमार राय, मुख्य कृषि अधिकारी अश्विन गौतम, लीड बैंक अधिकारी अनिल कटारिया, सहायक निबंधक कॉपरेटिव पान सिंह राणा, उरेडा अधिकारी राजेश्वरी सिंह, महाप्रबंधक उद्योग शैलेंद्र डिमरी आदि मौजूद थे।

## विभाग लोस चुनाव के लिए कार्मिकों की सूचना दें

जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग : अपर जिलाधिकारी/उप जिला निर्वाचन अधिकारी वीर सिंह बुदियाल ने आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के सफल संपादन हेतु सभी विभागों के अधिकारियों व कार्मिकों की सूचना निर्धारित प्रारूप पर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। अपर जिलाधिकारी/उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने जनपद स्तरीय विभागों के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन हेतु मतदान व मतगणना कार्मिकों एवं निर्वाचन संपन्न कराए जाने हेतु विभिन्न कार्यों के लिए कार्मिकों की तैनाती करने हेतु जनपद स्तरीय अधिकारियों को कार्यालय में कार्यरत अधिकारियों व कार्मिकों की सूची उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि विगत निर्वाचनों की भांति आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के सफल संपादन हेतु विभिन्न कार्यों हेतु बड़ी संख्या में अधिकारियों व कार्मिकों की आवश्कता को देखते हुए डाटाबेस तैयार किया जाना है। जिसका सूचना निर्धारित प्रारूप पर 15 नवबर 2023 तक जिला सूचना विज्ञान अधिकारी के कार्यालय में उपलब्ध कराना आवश्यक है। इसके साथ ही कार्यालयों में भारी व हल्के वाहनों की परिवहन अधिकारी के माध्यम से आरई टेक्निकल जांच करवाते हुए तत्काल मरम्मत करवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि निर्वाचन एक राष्ट्रीय व महत्वपूर्ण कार्य है

उत्तर रेलवे
आज़ादी का अमृत महोत्सव
ई–नीलामी
वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/कोचिंग, (ए.सी.ओ) उत्तर रेलवे मुरादाबाद मंडल के द्वारा मुरादाबाद मंडल के योग नगरी ऋषिकेश रेलवे स्टेशन पर प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र के संचालन एवं आवंटन हेतु ई–बोलियाँ www.ireps.gov.in पर दिनांक 16.11.2023 को आमंत्रित की जाती है, जिसकी विस्तृत जानकारी, नियम व शर्तें www.ireps.gov.in (कैटलॉग–23-MB-PMBJK-1) पर उपलब्ध है।
3429/23
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

सम्पादकीय

# मिलावटखोरी सेहत पर भारी

त्योहारों का समय शुरू होने के साथ ही काला बाजारियों, स्टॉकिस्टों और मिलावटखोरों का सुनहरा समय शुरू हो जाता है। खाने योग्य असली माल बाजार से गायब होने के साथ मिलावटी सामान बाजार में अधिक मुनाफा देता है जो आम आदमी की सेहत के साथ तो खिलवाड़ करता है लेकिन मिलावटखोरों की दिवाली मना देता है। हिंदुस्तान में श्राद्ध पर्व समाप्त होने के साथ ही त्योहारी सीजन शुरू होता है जिसमें हिंदुओं के प्रमुख पर्व पर नवरात्र, दशहरा एवं दीपावली मुख्य तौर पर धूमधाम से बनाए जाते हैं। दीपावली पर जितनी मिठाइयां एवं दूसरे उत्पाद बिकते हैं उतनी बिक्री वर्ष भर में निकलने में एक व्यवसायियों के पसीने छूट जाते हैं। कम से कम समय में अधिक से अधिक लाभ कमाने के लालच में मिलावटखोरी जन्म लेती है। इधर उत्तराखंड में भी मिलावटखोरी का समय शुरू हो चुका है जिसके कुछ मामले अब सामने आने लगे हैं। राजधानी देहरादून में 6 कुंतल पनीर पकड़ा गया है जिसकी जांच की जा रही है। आला अधिकारियों का दावा है कि मिलावटखोरों पर नजर रखी जा रही है, लेकिन राजधानी देहरादून के अलावा हरिद्वार, उधम सिंह नगर, नैनीताल व दूसरे पर्वतीय जनपदों में मिलावटी दुग्ध उत्पादन एवं मिठाइयां तैयार होनी शुरू हो चुकी हैं। गत वर्ष भी मिलावट का यह खेल देखने को मिला था जिसमें विभागीय अधिकारियों द्वारा सैंपलिंग की गई थी, किंतु इन सैंपलिंग के बाद क्या परिणाम निकले यह आज तक प्रदेश की जनता जान नहीं पाई। पकड़े गए सैंपल चाहे वह दूध के हो या फिर पनीर के, उनकी सत्यता या मिलावट का पैमाना क्या था यह आज तक उजागर नहीं हुआ। यही कारण है कि मिलावटखोरी का यह खेल बेखौफ चलता आ रहा है और आगे भी चलता रहेगा। कारण यह है की मिलावटखोर भी जानते हैं कि विभाग केवल औपचारिकता के लिए छापेमारी का खेल खेलता है जिससे ना तो समाज का भला होता है और ना ही मिलावटखोरों पर अंश मात्र भी प्रभाव पड़ता है। पूर्व के मामलों में कितने मिलावटखोर व्यापारियों या सप्लायरों पर कार्रवाई की गई इसका आंकड़ा कभी सार्वजनिक नहीं किया गया। असल में आंकड़े तो तब सार्वजनिक होंगे जब कोई परिणाम विभाग ने निकाला हो। त्योहारों का सीजन समाप्त होने के साथ-साथ छापेमारी कि यह नौटंकी भी समाप्त हो जाती है, ना किसी पर कोई कार्रवाई और ना सैंपलिंग के कोई परिणाम। स्पष्ट है कि खाद्य सुरक्षा विभाग खुद ही मिलावटखोरी को लेकर गंभीर नहीं है। मिलावटखोरी को रोकने के लिए जो अभियान नियमित तौर पर वर्ष भर चलना चाहिए वह इन त्योहारों के समय चंद दिनों तक आकर ही सिमट जाता है। इन परिस्थितियों में मिलावटखोरों एवं कालाबाजारी करने वालों पर नियंत्रित करने की उम्मीद करना ही बेकार है।

# आरक्षण की आग में जलता महाराष्ट्र



**अजीत द्विवेदी**

लोकसभा चुनावों से पहले महाराष्ट्र में मराठा आरक्षण की आग लगी है। मराठा नेता मरोज जरांगे पाटिल शुक्रवार यानी 27 अक्टूबर से भूख हड़ताल पर हैं। इससे पहले भी वे 40 दिन तक भूख हड़ताल पर थे और सरकार के आश्वासन के बाद उन्होंने आंदोलन खत्म कर दिया था। उस समय आंदोलन मोटे तौर पर शांतिपूर्ण रहा था। लेकिन आरक्षण आंदोलन का दूसरा चरण बेहद हिंसक हो गया है। मंगलवार यानी 31 अक्टूबर को एक दिन में नौ लोगों ने आरक्षण के समर्थन में आत्महत्या की। पिछले दो हफ्ते में 26 लोग आत्महत्या कर चुके हैं। इससे पहले 1990 में मंडल आयोग की सिफारिश लागू करने के खिलाफ हुए आंदोलन में ही इससे ज्यादा लोगों की मौत हुई थी। इस लिहाज से यह सबसे भयावह और हिंसक आरक्षण आंदोलन बन गया है। इस आंदोलन के कई पहलू हैं और सबको समझे बगैर न तो इसको पूर्णता में समझा जा सकता है और न इसके राजनीतिक असर का अंदाजा लगाया जा सकता है।

ध्यान रहे यह आंदोलन सामाजिक व आर्थिक रूप से राज्य की सबसे मजबूत जाति कर रही है। इस लिहाज से इसकी तुलना गुजरात के पाटीदार अनामत आंदोलन से कर सकते हैं, जिससे हार्दिक पटेल नेता बन कर उभरे थे। उस समय तक हार्दिक एक अनाम चेहरा थे, जैसे कुछ समय पहले तक मनोज जरांगे पाटिल थे। हरियाणा में जाटों को आरक्षण देने का आंदोलन हो या राजस्थान में गुर्जरों को एसटी में शामिल करने का आंदोलन हो। ये सब एक किस्म के आंदोलन है, जिसमें राज्यों की सबसे मजबूत जातियां शामिल हुईं। अगर इन जातियों की आर्थिक, सामाजिक व शैक्षणिक स्थिति को बारीकी से देखें तो इनकी स्थिति पिछड़ेपन वाली नहीं है। संविधान निर्माण के समय अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति की जैसी स्थिति थी या मंडल आयोग का गठन करते समय जैसी स्थिति व्यापक पिछड़े समाज की थी उससे बेहतर स्थिति मौजूदा समय में इन जातियों की है। आर्थिक स्थिति को अगर दरकिनार करें तो सामाजिक और शैक्षणिक पिछड़ापन अपेक्षाकृत कम है। इसलिए मोटे तौर मराठा, पाटीदार, जाट और गुर्जर का आंदोलन राजनीतिक रहा है।

इसी वजह से महाराष्ट्र के मराठा आरक्षण आंदोलन को राजनीतिक नजरिए से देखने की जरूरत है। यह विडम्बना है कि अरसे पहले कुनबी जाति के लोग ओबीसी की श्रेणी से बाहर हुए थे। वे पिछड़ा श्रेणी से बाहर निकल कर खुश हुए थे और ऐसा अलग अलग राज्यों में कई जातियों के साथ हुआ था। समाजशास्त्री इसे संस्कृतिकरण की प्रक्रिया बताते थे। इसका मतलब हर पिछड़ी जाति में श्रेष्ठ होने का भाव होना है। लेकिन अब समय का चक्र ऐसा घूम रहा है कि हर जाति पिछड़ी या अनुसूचित जाति, जनजाति में शामिल होना चाहती है। संस्कृतिकरण की प्रक्रिया उलटी चल रही है।

इसी प्रक्रिया के तहत मराठा समुदाय कुनबी बनना चाहता है। गौरतलब है कि कुनबी महाराष्ट्र की एक पिछड़ी जाति है। मराठा आरक्षण का आंदोलन कर रहे नेता चाहते हैं कि सभी मराठों को कुनबी का सर्टिफिकेट दिया जाए, जबकि राज्य सरकार कह चुकी है कि सबको कुनबी का सर्टिफिकेट देना मुश्किल है। इस बारे में कहा गया था कि हैदराबाद के निजाम के राज में जिन लोगों के पास कुनबी का सर्टिफिकेट था उनको कुनबी मान लिया जाएगा। लेकिन ऐसे लोगों की संख्या बहुत कम है। तभी मनोज जरांगे बिना किसी शर्त के सभी मराठों को कुनबी में शामिल करना चाहते हैं।

इस मांग की वजह से यह पूरा विवाद मराठ बनाम ओबीसी में तब्दील हो गया है। राज्य में ओबीसी आरक्षण 19 फीसदी है और ओबीसी जातियों के संघों का मानना है कि अगर मराठों को कुनबी बना दिया जाता है तो ओबीसी के 19 फीसदी आरक्षण में से ही उनको भी हिस्सा मिलेगा। चूंकि मराठे सामाजिक, शैक्षणिक और आर्थिक रूप से ज्यादा संपन्न हैं इसलिए वे आरक्षण का ज्यादा लाभ ले जाएंगे। इस आधार पर ओबीसी महासंघ मराठों को कुनबी का सर्टिफिकेट दिए जाने का विरोध कर रहा है। एक अनुमान के मुताबिक महाराष्ट्र में ओबीसी और मराठा वोट लगभग बराबर है। इसलिए कोई भी पार्टी एक समूह को आकर्षित करने के लिए दूसरे समूह को नाराज नहीं कर सकती है।

ध्यान रहे भाजपा ने अपनी शुरुआती राजनीति में ओबीसी को ज्यादा तरजीह दी थी। उसके ज्यादातर नेता या तो ब्राह्मण थे या पिछड़ी जाति के थे। अपनी इस कमजोरी की वजह से ही भाजपा ने एनसीपी के अजित पवार को इतनी तरजीह दी। उसे उम्मीद थी कि अजित पवार की वजह से मराठा वोट उसके साथ जुड़ेगा। लेकिन उससे पहले ही यह नया विवाद शुरू हो गया।

# गुडबॉय 'फ्रेंड' मैथ्यू पैरी

**श्रुति व्यास**

ज़िन्दगी और नियति को समझना बहुत दुष्कर है। आखिर क्या कारण है कि मज़ेदार लोग, अपने आसपास वालों को गुदगुदाने और हंसाने वाले लोग, अक्सर अपना समय आने से बहुत पहले दुनिया को अलविदा कह देते हैं? ऐसे दो शख्स हाल में दिवंगत हुए। रोबिन विलियम्स के बाद मैथ्यू पैरी हमेशा के लिए चले गए। दोनों अपनी मज़ाकिया अदाकारी के लिए दुनिया में जाने जाते थे। दोनों खूब हँसते थे और दूसरों को खूब हंसाते थे। पर दोनों अपने-अपने नर्क में जी रहे थे झ मन के अन्दर छिपे दानवों, अपनी लतों और अपने अवसाद से जूझते हुए झ ऐसे विचारों से लड़ते हुए जिन्हें हम-आप समझ ही नहीं सकते। मेरे बचपन में रोबिन विलियम्स ने मुझे खूब हंसाया और किशोरी के रूप में मैथ्यू 'चैंडलर' बिंग की हाजिरजवाबी और मज़ाक मेरे लिए ख़ुशी और दिलासा दोनों के स्त्रोत थे। अपने मज़ाहिया अंदाज़ के लिए मशहूर ये दोनों कलाकार बहुत जल्दी दुनिया छोड़ गए। सन 2014 में रोबिन विलियम्स ने जब आत्महत्या की तब वे 63 साल के थे। मैथ्यू पैरी पिछले शनिवार को 53 साल की आयु में हमें छोड़ गए। उनकी मौत का कारण अभी भी साफ़ नहीं है।

इन दोनों ही मौतों ने मुझे बहुत आहत किया। और आज मैं अपने मज़ाहिया नायक पैरी को उनके एक फैन के रूप में याद कर रही हूँ।मैथ्यू पैरी ने प्रसिद्ध सिटकॉम 'फ्रेंड्स' में सबके दुलारे चैंडलर की भूमिका अदा की थी।'फ्रेंड्स' सीरियल की जबरदस्त सफलता के बारे में कुछ कहना शब्दों कोजाया करना होगा। और यह भी सब जानते ही हैं कि अब भी वह उतना ही लोकप्रिय है। इस सिटकॉम में चैंडलर बिंग के रूप में पैरी की दिल को छू लेने वाली भूमिका उन सभी के दिलोदिमाग में हमेशा के लिए दर्ज रहेगी जिन्होंने इस सिटकॉम को देखा है। मैंने 'फ्रेंड्स' के हर एपिसोड को अनगिनत बार देखा है और मैं ज़रा से भी संकोच के बिना खुद को इसका सुपर फैन कह सकती हूँ। मुझे इसका हर डायलाग, हर सीन याद है। कोविड महामारी के डरावने दिनों में मैंने नए सिरे से इसे देखा और इसने मुझे उस दौर की पीड़ा और अनिश्चितता से लड़ने की ताकत दी। और तब से, जब भी मन उद्विग्न होता है, मैं नेटफ्लिक्स पर इसे खोलकर बैठ जाती हूँ।

चैंडलर मेरा प्रिय किरदार है। वह अपने ग्रुप का सबसे मजाहिया चरित्र है। इस किरदार के लिए पैरी के चुनाव और चैंडलर की जबरदस्त हाजिरजवाबी के पीछे छुपी पीड़ा की छटपटाहट को सामने लाने में पैरी की सफलता ने इस शो की रिकॉर्ड कामयाबी में महती भूमिका निभाई। पैरी ने मुझे सिखाया कि व्यंग्य क्या होता है, उन्होंने मुझे व्यंग्य करना और समझना सिखाया, और व्यंग्य पर हँसना और रोना भी।

# भारत श्रीलंका को 1.5 करोड़ डॉलर अनुदान देगा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत ने श्रीलंका के बीच लंबे समय से चले आ रहे बौद्ध संबंधों को मजबूत करने के लिए श्रीलंका को 1.5 करोड़ (15 मिलियन) डॉलर का 'ऐतिहासिक' अनुदान देने का एलान किया है। श्रीलंका की तीन दिवसीय यात्रा के दौरान राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की मौजूदगी में कोलंबो के राष्ट्रपति भवन में गुरुवार को अनुदान पर द्विपक्षीय समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। अधिकारियों ने शुक्रवार को इसकी जानकारी दी।




श्रीलंका के राष्ट्रपति के मीडिया प्रभाग ने एक बयान में कहा कि 1.5 करोड़ डॉलर के अनुदान के तहत शुरू की जाने वाली पहली परियोजना पूरे श्रीलंका में धार्मिक स्थलों का सौर विद्युतीकरण है। बयान में कहा गया है कि इस महत्वपूर्ण परियोजना के लिए समझौता ज्ञापन (एमओयू) को भारत और श्रीलंका की सरकारों ने संयुक्त रूप से अंतिम रूप दिया।बयान में कहा गया है कि 1.5 करोड़ डॉलर के ऐतिहासिक अनुदान ने भारत

## वित्त मंत्री सीतारमण की मौजूदगी में हुआ समझौता

और श्रीलंका के बीच बौद्ध संबंधों को मजबूत किया है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण भारतीय मूल के तमिलों के श्रीलंका आगमन की 200वीं वर्षगांठ मनाने के लिए गुरुवार को श्रीलंका सरकार द्वारा आयोजित 'एनएएएम 200' में विशिष्ट अतिथि के रूप में भाग लेने के लिए श्रीलंका में थीं।बयान में कहा गया है, "यह अनुदान विशेष रूप से भारत और श्रीलंका के बीच लंबे समय से चले आ रहे बौद्ध संबंधों को मजबूत करने के लिए आवंटित किया गया है, जो दोनों देशों को एक साथ बांधने वाले गहरे ऐतिहासिक और सांस्कृतिक संबंधों को रेखांकित करता है।" बयान के अनुसार द्विपक्षीय समझौते पर हस्ताक्षर कार्यक्रम के दौरान विक्रमसिंघे और सीतारमन ने "लंबी द्विपक्षीय चर्चा" की।राष्ट्रपति के मीडिया प्रभाग ने कहा कि यह निधि बौद्ध मठों के निर्माण और नवीनीकरण, क्षमता विकास, सांस्कृतिक आदान-प्रदान, पुरातात्विक सहयोग, अवशेषों की पारस्परिक प्रदर्शनी और पारस्परिक हित के अन्य क्षेत्रों सहित विभिन्न पहलों के लिए आवंटित की जाएगी।

# जहरीले कोबरा, अजगर और सांपों का जहर, सेक्टर 49 में पुलिस की रेड, एल्विश यादव भी फंसे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** खतरनाक कोबरा और जहर। नाम जुड़ा है बिग बॉस के विजेता



एल्विश यादव का। नोएडा में एक हैरतअंगेज मामला सामने आया है, जिसने सभी के रौंगटे खड़े कर दिए हैं। नोएडा पुलिस ने इस संबंध में एल्विश पर एफआईआर दर्ज कर ली है। जानकारी के अनुसार सेक्टर 49 में नोएडा पुलिस ने रेड कर पांच कोबरा सांप बरामद किए हैं। साथ ही सांपों का जहर भी बरामद किया है।पुलिस ने इस संबंध में पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार लोगों ने पूछताछ में एल्विश यादव का भी नाम लिया है, जिस पर पुलिस ने एल्विश पर एफआईआर दर्ज की है। यह कार्रवाई एनिमल वेलफेयर आफिसर के पद पर कार्यरत गौरव गुप्ता की शिकायत पर हुई है। क्योंकि उन्हें इस तरह की गतिविधियों की सूचना मिली हुई थी। बताया जा रहा है कि एल्विश यादव सापों के साथ वीडियो शूट करवाते हैं।

पुलिस की छापेमारी में स्नेक वेनम, एक अजगर, पांच कोबरा, दो दुमुहा सांप और घोड़ा पछाड़ सांप बरामद हुआ है।

# सीएम बदलने की चर्चाएं तेज, तमाम नेता ठोक रहे अपनी दावेदारी!

**बंगलूरू, एजेंसी।** कर्नाटक में सीएम बदलने की चर्चाओं ने जोर पकड़ लिया है। तमाम कांग्रेस मंत्री खुद के सीएम बनने की इच्छा जाहिर कर रहे हैं। शुक्रवार को सिद्धारमैया सरकार में मंत्री एन राजन्ना के बयान ने राजनीतिक चर्चाओं को हवा दे दी है।

तुमकुरु के जिला मुख्यालय शहर के एक कार्यक्रम में एन राजन्ना ने गृह मंत्री जी. परमेश्वर से संबंध में कहा, अगर भाग्य उनके पक्ष में है तो शीर्ष पद पर वे आसीन हो सकते हैं। परमेश्वर आज गृह मंत्री हैं। भविष्य में कुछ भी हो सकता है। मेरा मानना है कि आने वाले समय में मुख्यमंत्री बनने का उनके पास सौभाग्य है। इसमें कोई संदेह नहीं है।

वहीं मंत्री राजन्ना के समर्थन पर परमेश्वर ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा, मैं



राजन्ना का आभारी हूं। मैं भी चाहता हूं कि ऐसा सौभाग्य मुझे मिले। कई योग्य उम्मीदवार है, सभी को मौका मिलना चाहिए। हालांकि उन्होंने इस बात से इनकार किया कि जब सिद्धारमैया और उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार तुमकुरु में उनके घर आए थे तो इस मुद्दे पर कोई चर्चा हुई थी। पत्रकारों से बातचीत करते हुए कर्नाटक के मंत्री प्रियांक खरगे ने कहा, नेतृत्व परिवर्तन दिल्ली से तय होता है। अगर आलाकमान कहता है कि मैं मुख्यमंत्री बनूं तो मैं हां कहूंगा। नेतृत्व जो कहेगा वही करेंगे।

वहीं उप मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के भाई और लोकसभा सांसद डी के सुरेश ने कहा, जब मुख्यमंत्री का पद खाली नहीं है, तो अटकलों पर चर्चा करने का कोई मतलब नहीं है। सिद्धारमैया मुख्यमंत्री हैं। सीएम पद खाली नहीं है। कर्नाटक के लोगों ने राज्य पर शासन करने के लिए कांग्रेस को पांच साल दिए हैं। मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और उपमुख्यमंत्री शिवकुमार का लक्ष्य सरकार का सुचारू कामकाज सुनिश्चित करना है।

बता दें कर्नाटक में सीएम बदलने की चर्चा की तमाम अटकलों को मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने खारिज कर दिया है।

# गायत्री यज्ञ के दौरान मची भगदड़, दो महिलाओं की मौत, तीन जखमी, गेट खुलते ही अफरातफरी

**छपरा, एजेंसी।** बिहार में सारण जिले के परसा थाना क्षेत्र में शुक्रवार को गायत्री यज्ञ के दौरान हुई भगदड़ में दबकर दो महिला की मौत हो गई तथा तीन लोग घायल हो गए। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि मस्तीचक गांव में अखंड ज्योति आंख अस्पताल के समीप गायत्री परिवार के द्वारा 31 अक्तूबर से यज्ञ का प्रारंभ किया गया है।

आज यज्ञ स्थल का गेट खुलने के दौरान वहां भगदड़ मच गई। भगदड़ में औरंगाबाद जिला के दाउदनगर थाना क्षेत्र से यज्ञ में शामिल होने आई दो महिला रामकली देवी (60) और पार्वती देवी (55) की दबकर मौत हो गयी है, जबकि तीन लोग घायल हो गए। सूत्रों ने बताया कि घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल छपरा भेज दिया है। घायलों का उपचार किया जा रहा है। घटनास्थल पर सारण के जिलाधिकारी अमन समीर और पुलिस अधीक्षक डॉ. गौरव मंगला सहित परसा, दरियापुर, सोनपुर पुलिस मौके पर उपस्थित होकर यज्ञ को संपन्न कराने का काम कर रही है।

# डीए-बोनस से बाजार में रौनक, देश में 3.5 लाख करोड़ तो दिल्ली में होगा 35000 करोड़ रुपये का कारोबार

नई दिल्ली, एजेंसी। केंद्र सरकार एवं प्राइवेट सेक्टर द्वारा अपने कर्मचारियों को बोनस देने की घोषणा से त्योहारी बाजारों में रौनक आ गई है। इस बार दिवाली की खरीदारी में जबरदस्त वृद्धि के आसार हैं। कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीन खंडेलवाल का कहना है कि दीवाली के त्योहारी सीजन में देश में 3.5 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा की बिक्री होगी। अगर दिल्ली के बाजारों की बात करें, तो कारोबार का यह आंकड़ा 35 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा का रहेगा। इसमें वस्त्र, ज्वैलरी, खाद्य किराना, आटोमोबाइल सेक्टर व इलेक्ट्रॉनिक आइटम आदि शामिल हैं।

प्रवीन खंडेलवाल के मुताबिक, नवरात्रि से शुरू हुए दीपावली त्योहारी सीजन में दिल्ली सहित देश भर के बाजारों में ग्राहकों की संख्या बढ़ रही है। इससे व्यापार जगत में उत्साह का माहौल है। करवा चौथ के पर्व के बाद दिवाली की खरीदारी के लिए ग्राहक, बाजारों का रुख करने लगे हैं। कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स ने इस वर्ष के दिवाली सीजन में देश भर के



बाजारों में 3.5 लाख करोड़ रुपये से अधिक का व्यापार होने का अनुमान लगाया है। अकेले दिल्ली में ही इस त्योहारी सीजन में 35 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा का व्यापार होने की संभावना जताई गई है।

कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीसी भरतिया एवं राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीन खंडेलवाल ने कहा, हाल ही में केंद्र सरकार द्वारा कर्मियों के लिए बोनस की घोषणा एवं विभिन्न राज्य सरकारों द्वारा अपने कर्मियों को त्योहारों का बोनस दिया गया है। प्राइवेट सेक्टर में भी कर्मचारियों को दीपावली बोनस एवं अन्य इंसेंटिव दिए जाने से बाजार में त्योहारी सीजन की मांग में निश्चित रूप से वृद्धि होगी। वहीं महीने के प्रारंभ में ही दिवाली एवं अन्य त्योहारों के आने से ग्राहकों की जेब में त्योहार पर खर्च करने के लिए पर्याप्त मात्रा में धनराशि होगी। इसके माध्यम से जो खरीदी होगी, उससे बाजारों में रौनक आएगी। व्यापार एवं अर्थव्यवस्था में बड़े स्तर पर वित्तीय तरलता आएगी।

कैट के पदाधिकारियों के मुताबिक, एक मोटे अनुमान के अनुसार 3.5 लाख करोड़ के अनुमानित त्योहारी सीजन के व्यापार में लगभग 13 फीसदी खाद्य एवं किराना में, 9 फीसदी ज्वैलरी में, 12 फीसदी वस्त्र एवं गारमेंट्स, 4 फीसदी ड्राई फ्रूट, मिठाई एवं नमकीन, 3 फीसदी घर की साज सज्जा, 6 फीसदी कॉस्मेटिक्स, 8 फीसदी इलेक्ट्रॉनिक्स एवं मोबाइल, 3 फीसदी पूजन सामग्री एवं पूजा से जुड़ी वस्तुएं, 3 फीसदी बर्तन तथा रसोई उपकरण, 2 फीसदी कॉन्फेक्शनरी एवं बेकरी, 8 फीसदी गिफ्ट आइटम्स और 4 फीसदी फर्निशिंग एवं फर्नीचर व्यापार में खर्च होगा। शेष 20 फीसदी ऑटोमोबाइल, हार्डवेयर, इलेक्ट्रिकल व खिलौनों सहित दूसरी वस्तुओं एवं सेवाओं पर ग्राहकों द्वारा खर्च किए जाने का अनुमान है।

# पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय में तीन अतिरिक्त न्यायाधीश तैनात, राष्ट्रपति ने की नियुक्ति

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने तीन अधिवक्ताओं को पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय का अतिरिक्त न्यायाधीश नियुक्त किया है। केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्रालय के न्याय विभाग ने एक अधिसूचना जारी कर नियुक्ति संबंधी की घोषणा की। अधिसूचना के मुताबिक अधिवक्ता सुमीत गोयल, सुदीप्ति शर्मा और कीर्ति सिंह को पदोन्नत कर अतिरिक्त न्यायाधीश बनाया गया है। गौरतलब है कि उच्चतम न्यायालय की कालेजियम ने 17 अक्टूबर को तीनों अधिवक्ताओं को पदोन्नत करने की सिफारिश की थी।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के लिए सात न्यायाधीशों की नियुक्ति की है। अधिवक्ताओं झ विनय सराफ और विवेक जैन, न्यायिक अधिकारियों झ राजेंद्र कुमार वाणी, प्रमोद कुमार अग्रवाल, बिनोद कुमार द्विवेदी, देवनारायण मिश्र और गजेंद्र सिंह को पदोन्नत कर न्यायाधीश बनाया गया है। केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्रालय के न्याय विभाग ने अधिसूचना जारी कर उनकी नियुक्तियों से संबंधी की घोषणा की। उच्चतम न्यायालय की कालेजियम ने 07 अक्तूबर को पांचों नामों की सिफारिश की थी।

# वनडे विश्व कप 2023: न्यूजीलैंड को लगा झटका, मैट हेनरी बचे हुए टूर्नामेंट से बाहर




बेंगलुरु, न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम को बड़ा झटका लगा है। कीवी टीम के तेज गेंदबाज मैट हेनरी बचे हुए विश्व कप से बाहर हो गए हैं।न्यूजीलैंड क्रिकेट बोर्ड ने आधिकारिक तौर पर ये जानकारी दी है। उनकी जगह पर काइल जैमिसन को दल में शामिल कर लिया गया है।बता दें कि हेनरी को 1 नवंबर को पुणे में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मैच के दौरान चोट लगी थी।पुणे में दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम के खिलाफ पिछले मैच के दौरान हेनरी की दाहिनी हैमस्ट्रिंग में चोट लग गई थी।वह अपने छठे ओवर के बीच में ही मैदान छोड़कर चले गए थे। हालांकि, वह 11वें नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरे थे। न्यूजीलैंड क्रिकेट बोर्ड ने जानकारी दी है कि उनकी चोट ग्रेड-2 स्तर की है।उन्होंने इस विश्व कप में 7 मैचों में 28.63 की औसत के साथ 11 विकेट अपने नाम किए थे।

हेनरी को चोट से वापसी करने में कम से कम 2 से 4 सप्ताह का समय लगेगा।टीम के कोच गैरी स्टीड ने कहा, मैट लंबे समय से हमारी वनडे टीम का अहम हिस्सा रहे हैं और इस टूर्नामेंट के अंत तक पहुंचते-पहुंचते उन्हें बाहर होते देखना बेहद निराशाजनक है। पिछले कुछ सालों में वह आईसीसी के शीर्ष 10 गेंदबाजों में बने हुए हैं, जो उनकी प्रतिभा को दर्शाता है।

जैमिसन बीते 2 नवंबर की रात को बेंगलुरु पहुंच चुके हैं, जहां पर न्यूजीलैंड को अगला मैच खेलना है।कोच स्टीड ने जैमिसन को दल में शामिल करने पर कहा, हम भाग्यशाली हैं कि हमारे पास काइल जैसी खिलाड़ी मौजूद हैं। वह गेंदबाजी से हमेशा खतरा पैदा करते हैं और यह अच्छी बात है कि वह टूर्नामेंट के पहले 2 हफ्तों में हमारे साथ ट्रेनिंग कर रहे थे।

न्यूजीलैंड की टीम चोटिल खिलाड़ियों की समस्या से जूझ रही है।टीम के नियमित कप्तान केन विलियमसन चोट के कारण पिछला मैच नहीं खेल सके थे। उनकी गैरमौजूदगी में टॉम लैथम टीम की कप्तानी कर रहे हैं।तेज गेंदबाज लॉकी फर्ग्यूसन भी अनफिट हैं। वह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच के दौरान चोटिल हुए थे। ऑलराउंडर नीशम दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हुए पिछले मैच के दौरान चोटिल हो गए थे।

## बल्लेबाज करेंगे चौके-छक्कों की बरसात या कहर बनकर टूटेंगे गेंदबाज

,नई दिल्ली। जीत के विजय रथ पर सवार टीम इंडिया 5 नवंबर को कोलकाता में साउथ अफ्रीका से भिड़ेगी। रोहित की पलटन श्रीलंका को 302 रन से पीटने के साथ ही सेमीफाइनल का टिकट पहले ही हासिल कर चुकी है। हालांकि, टेंबा बावुमा की कप्तानी में साउथ अफ्रीका का प्रदर्शन भी इस मेगा इवेंट में जोरदार रहा है। टीम ने अब तक खेले सात मैचों में से सिर्फ एक में ही हार का मुंह देखा है।


कैसी खेलती है ईडन गार्डन्स की पिच?

भारत और साउथ अफ्रीका के बीच रोमांचक मुकाबला कोलकाता के ईडन गार्डन्स मैदान पर खेला जाना है। ईडन गार्डन्स की पिच को हमेशा से ही बल्लेबाजों के मुफीद माना जाता है। पिच में अच्छा बाउंस होने की वजह से गेंद बल्ले पर काफी आसानी से आती है।

हालांकि, बल्लेबाजों के साथ-साथ इस ग्राउंड पर तेज गेंदबाज और स्पिनर्स के लिए भी मदद रहती है।

शुरुआती ओवरों में फास्ट बॉलर्स को पिच से मदद मिलती है, तो स्पिनर्स भी दूसरे हाफ में अपना रोल प्ले करते हैं। इस विश्व कप में अब तक खेले दो मैचों में ईडन गार्डन्स के मैदान पर तेज गेंदबाजों का बोलबाला रहा है और अभी तक लो स्कोरिंग मैच ही देखने को मिले हैं।

## अफगानिस्तान ने नीदरलैंड्स को रौंदकर किया क्वालिफाई




नई दिल्ली। लखनऊ के इकाना क्रिकेट स्टेडियम में अफगानिस्तान ने इतिहास रच दिया है। वर्ल्ड कप 2023 के 34वें मैच में नीदरलैंड्स को एकतरफा अंदाज में हराने के साथ ही अफगानिस्तान ने पहली बार चैंपियंस ट्रॉफी के लिए क्वालिफाई कर लिया है। नीदरलैंड्स के खिलाफ मोहम्मद नबी की स्पिन का जादू सिर चढ़कर बोला, तो बल्ले से कप्तान हशमतुल्लाह शाहिदी और रहमत शाह ने शानदार पारी खेली।

पहली बार चैंपियंस ट्रॉफी

क्रिकेट इतिहास में अफगानिस्तान ने पहली बार चैंपियंस ट्रॉफी के लिए क्वालिफाई कर लिया है। चैंपियंस ट्रॉफी का आयोजन साल 2025 में होना है, जिसकी मेजबानी पाकिस्तान को करनी है। नियमों के हिसाब से वर्ल्ड कप 2023 में पाकिस्तान के अलावा प्वाइंट्स टेबल में टॉप सात में रहने वाली टीमें डायरेक्ट चैंपियंस ट्रॉफी के लिए क्वालिफाई करेंगी। नीदरलैंड्स के खिलाफ अफगानिस्तान ने इस विश्व कप की चौथी जीत का स्वाद चखा है।

**अफगानिस्तान को मिल सकता है सेमीफाइनल का टिकट?**

अफगानिस्तान की टीम वर्ल्ड कप 2023 के सेमीफाइनल में भी अब अपनी जगह बना सकती है। टीम ने अभी तक खेले सात मैचों में से चार में जीत दर्ज की है, जबकि तीन में टीम को हार का सामना करना पड़ा है। अफगानिस्तान के अभी दो मैच बचे हुए हैं और अगर दोनों में टीम के हाथ जीत लगती है, तो अफगानिस्तान अंतिम चार में जगह बना सकती है।

## मैक्सवेल की गंभीर चोट पर टिम पेन ने दी ऑस्ट्रेलियाई टीम को सलाह

अहमदाबाद,ग्लेन मैक्सवेल के चोट के कारण इंग्लैंड के खिलाफ आगामी विश्व कप मैच से बाहर होने के बाद ऑस्ट्रेलिया के पूर्व टेस्ट कप्तान टिम पेन ने पेशेवर एथलीटों को एक सरल संदेश दिया है।

इंग्लैंड के खिलाफ मुकाबले से पहले छुट्टी के दौरान ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी गोल्फ खेलने पहुंचे थे।

गोल्फ खेलने के बाद ग्लेन मैक्सवेल गोल्फ कार्ट की सवारी का आनंद उठा रहे थे और अचानक ब्रेक लगने की वजह से वो अपना संतुलन खो बैठे जिससे उनके सिर पर चोट लग गई।

चोट के कारण उन्हें शनिवार को नरेंद्र मोदी स्टेडियम में इंग्लैंड के खिलाफ लीग चरण के मुकाबले से बाहर कर दिया गया।

अब पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तानटिम पेन ने अपनी टीम को सलाह देते हुए कहा, यह बहुत निराशाजनक है जब इतने बड़े टूर्नामेंट या बड़ी श्रृंखला में ऐसी चीजें होती हैं और इसे टाला जा सकता है, लेकिन यह एक




दुर्घटना है।मैं देख सकता हूं कि खिलाड़ियों के लिए खेल से दूर रहना कितना महत्वपूर्ण है। लेकिन वह 72 होल खेल सकता था, वह 150 होल खेल सकता था, मुझे इसकी कोई परवाह नहीं थी।

बस गोल्फ कार्ट के पीछे मत बैठो। मुझे पता है कि हम सभी ने 20 या 30 मीटर तक गोल्फ कार्ट के पीछे छलांग लगाई है... लेकिन यह निराशाजनक है क्योंकि इसे टाला जा सकता है और यह हमारी टीम के लिए एक बड़ा झटका है। उम्मीद है कि मैक्सी केवल एक मैच मिस करेंगे।पांच बार की विजेता ऑस्ट्रेलिया टूर्नामेंट में लगातार चार मैच जीत चुकी है, जबकि गत चैंपियन इंग्लैंड लगातार चार मैचों की हार के साथ प्रतियोगिता से जल्दी बाहर होने की कगार पर है। पेन का मानना है कि जिस तरह से ऑफ स्पिन ऑलराउंडर को चोट लगी उससे मैक्सवेल और ऑस्ट्रेलियाई टीम दोनों के लिए मुश्किलें बढ़ सकती है।

# महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी: भारत ने कोरिया को 5—0 से हराकर अपना अजेय क्रम जारी रखा

रांची, भारतीय महिला हॉकी टीम ने झारखंड महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में अपना अजेय क्रम जारी रखते हुए गुरुवार को अपने आखिरी पूल मैच में कोरिया के खिलाफ 5-0 से शानदार जीत हासिल की। भारत के लिए सलीमा टेटे (6, 36), नवनीत कौर (36), वंदना कटारिया (49) और नेहा (60) ने गोल किए और प्रतियोगिता में अपना अजेय क्रम बरकरार रखा। इस जीत के साथ भारतीय टीम ने पांच मैचों से 15 अंक अर्जित करते हुए अंक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया। इस बीच, कोरिया ने पांच मैचों में सात अंक हासिल कर ग्रुप चरण में अपना अभियान चौथे स्थान पर खत?म किया। स्टैंडिंग के अनुसार, दोनों टीमें सेमीफाइनल में एक बार फिर भिड़ेंगी।टूर्नामेंट के दूसरे सेमीफाइनल में 4 नवंबर को भारत का मुकाबला कोरिया से होगा।अपने पिछले मैचों की तरह भारत ने आक्रमक उच्च-दबाव वाली रणनीति और लगातार आक्रमण के साथ खेल की शुरुआत की, जिससे शुरुआती लाभ मिला।



मैच के शुरुआती क्षणों में सलीमा टेटे (6) ने, जो सर्कल के भीतर बिना निशान छोड़े गए थे, खूबसूरती से एक गोल किया, जिससे मेजबान टीम को शुरुआती बढ़त मिल गई।भारत ने लगातार सर्कल में प्रवेश करके आक्रमक आक्रमण जारी रखा। हालांकि टीम कई मौकों पर दूसरा गोल करने के करीब पहुंची, लेकिन उन अवसरों को भुनाने में असफल रही। शुरुआती क्वार्टर पूरा होने तक भारत ने 1-0 की बढ़त बनाए रखी। दूसरे क्वार्टर में पहले क्वार्टर की तरह ही भारत ने अपना दबदबा बनाए रखा और कोरिया को रक्षात्मक बनाए रखने के लिए तेजी से पास दिए। भारत इस अवधि में दो पेनल्टी कॉर्नर हासिल करने में भी कामयाब रहा, लेकिन उनका फायदा नहीं उठा सका, क्योंकि हाफ टाइम ब्रेक तक टीमें मेजबान टीम से 1-0 से आगे थीं। खेल में वापसी करने के लिए दृढ़ संकल्पित कोरिया ने तीसरे क्वार्टर में आक्रमक हमला किया और कुछ मौकों पर संभावित बराबरी के मौके के साथ लक्ष्य तक भी पहुंच गया। फिर भी, भारत ने तेजी से जवाबी हमला करके पासा पलट दिया और अपना दबदबा कायम कर लिया। उनकी दृढ़ता का फल तब मिला, जब उन्हें पेनल्टी कॉर्नर मिला, जिसके बाद नवनीत कौर (36) ने नेट के पीछे से एक शक्तिशाली शॉट लगाया। कुछ ही क्षण बाद सलीमा टेटे (36) ने एक उल्लेखनीय फील्ड गोल करके अपनी शक्ति का प्रदर्शन किया, जिससे भारत की बढ़त 3-0 हो गई, जो अंतिम क्वार्टर के अंत तक बरकरार रही। आखिरी क्वार्टर में भारत ने अच्छी बढ़त के बावजूद कोरियाई रक्षापंक्ति को चुनौती देना जारी रखा। उनका दृढ़ संकल्प फलीभूत हुआ और वंदना कटारिया (49) ने शानदार फ्लिक मारकर भारत की बढ़त 4-0 कर दी।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
-सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382-222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail:
nagendra.uniyal@gmail.com